तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | सेलूद | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



धान खरीदी की धीमी रफ्तार के विरोध में नगपुरा व बोरी में प्रदर्शन 12





ग्रामवासियो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया 13







न्यू ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## कार्रवाई : समृद्धि बाजार की दुकान पर था कब्जा, पार्षद की शिकायत पर हटाया अतिक्रमण

# निगरानीशुदा बदमाश ने निगम की दुकान पर कर रखा था कब्जा, आयुक्त की मौजूदगी में चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छावनी थाना क्षेत्र के कैंप-2 में क्षेत्र के निगरानी बदमाश करण साव के कब्जे वाली दुकान पर भिलाई नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चला दिया। इस जमीन को विलोचन साव अपने आधिपत्य का बता रहा था।

विलोचन साव निगरानी बदमाश करण के पिता हैं। बुधवार की सुबह से ही निगम का तोड़ूदस्ता कैंप-2 स्थित करण साव के दुकान के पास पहुंचा। इस दौरान निगम आयुक्त राजीव पांडेय सहित छावनी थाने का पूरा दल बल मौजूद रहा। कुछ ही देर में कार्रवाई शुरू की गई और करण साव के मकान के अवैध कब्जे को ढहा दिया गया। कब्जे को हटाने की मांग स्थानीय पार्षद एन शैलेजा ने की थी।

### बुधवार को छावनी पुलिस की मौजूदगी में की गई कार्रवाई





### 5 हजार वर्गफीट और इसके पीछे जमीन पर कब्जा

विलोचन साव अपने बेटे करण के नाम पर टेंट हाउस चला रहा है। जिस जमीन पर कब्जा किया है वह सामने हिस्से में करीब 5 हजार वर्गफीट है और इसके पीछे टेंट वर्क का सामान रखता था। इस तरह करोड़ों रुपए की जमीन को वह काबिज करने की मंशा लेकर चल रहा था। स्थानीय लोग उनके अपराधिक कार्य की वजह से डरते थे और कोई हिम्मत नहीं करता था।

### वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर की गई है कार्रवाई

निगम के मुताबिक इस भूमि का स्वामित्व करण साव के पिता विलोचन साव स्वयं का बता रहे थे। कार्रवाई पर जब टीम पहुंची और दस्तावेज मांगा तो वह पेश नहीं कर पाए। उसके बाद निगम ने तोड़फोड़ की कार्रवाई आगे बढ़ाई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, निगम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने यह बेदखली कार्रवाई को अंजाम दिया।

### जमीन पर बनेगा पीएम आवास

निगम काबिज जगह को कब्जामुक्त करवाने के बाद यहां प्रधानमंत्री आवास योजना बनाएगा। निगम के मुताबिक पुराने समृद्धि बाजार के स्थल को पीएम आवास बनाने के लिए चिहांकित किया है। आगामी समय में शासन को प्रस्ताव भेजा जाना है। स्वीकृति के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक हरिओम गुप्ता की मौजूदगी रही।

### आदतन अपराधी है करण साव

पुलिस के मुताबिक करण साव कैंप क्षेत्र का आदतन अपराधी है। पिछले दिनों करण साव ने चचेरे भाई की हत्या का बदला लेने की नियत ने संतोषी पारा निवासी विकास प्रजापति की हत्या का प्लान बनाया था। इसके लिए झारखंड से शूटर बुलवाए और विकास को घासीदास नगर साप्ताहिक बाजार के पास बुलवाकर फायरिंग कराई थी। ऋषभ साव, संजय साव, विनय साव, संतोष साव और सुमित शाह जेल में हैं।

# डी-मार्ट की बिल्डिंग परमिशन स्थगित, दोबारा होगा सीमांकन




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सुपेला में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के पास निर्माणाधीन डी-मार्ट की बिल्डिंग के निर्माण पर निगम ने पूरी तरह से रोक लगा ती है। भवन बनाने के लिए जो बिल्डिंग परमिशन निगम ने जारी किया था, उसे स्थगित करने की सूचना आ रही है। बुधवार दोपहर को निगम के राजस्व प्रभारी सीजू एंथोनी ने कई एमआईसी मेंबर और पार्षदों के साथ वहां का निरीक्षण किया और काम को रोकने का निर्देश दिया।

आपको बता दें कि इस अमानक निर्माण को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। खबर संज्ञान के बाद नगर पालिका निगम के राजस्व प्रभारी सीजू एन्थोनी ने निर्माणाधीन डी-मार्ट व्यवसायिक परिसर का दौरा किया। उन्होंने बताया कि उन्हें भवन का निर्माण निगम द्वारा दिए गए भवन अनुज्ञा के अनुसार नहीं किए जाने की शिकायत मिली थी।

एन्थोनी ने कहा कि भिलाई निगम क्षेत्र में होने वाले अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उनके साथ सभापति बंटी गिरवर साहू, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, उमेश साहू आदि उपस्थित थे

**मेयर इन काउंसिल की बैठक में भी उठा मुद्दा :** एंथोनी ने बताया कि यह मामला मेयर इन कॉन्सिल की बैठक मे भी उठाया गया था। वहां बात रखी गई कि इस निर्माण से स्थानीय लोगों के अवगमन मे बाधा उत्पन्न हो रही है।

**अगर गलत निर्माण हुआ तो होगा आंदोलन :** हिंदू युवा मंच के पदाधिकारी कमल रंधीवे ने कहा कि राजस्व प्रभारी सीजू एंथोनी ने उन्हें कहा कि बिल्डिंग का परमिशन जो मिला था उसे स्थगित किया गया है। फिर से यहां का सीमांकन कराया जाएगा। यदि इस बीच फिर से निर्माण किया जाता है तो अब निगम संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/Jकैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**





सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई ● गुरुद्वारा रोड, दुर्ग ● सुमीत जंक्शन, पुलगांव चौक, दुर्ग

## खबर संक्षेप

### कोटनी में क्रिकेट प्रतियोगिता 14 से

दुर्ग। ग्राम कोटनी में 14 दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें दुर्ग जिला से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के खिलाड़ी प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। क्रिकेट 14 दिसंबर से शुरू होगी जो प्रत्येक रविवार को खेली जायेगी एवं हर मैच 6 ओवर की होगी। मैच टेनिस बॉल में खेली जाएगी। वहीं 32 टीम भाग ले सकते है आयोजन समिति ने खिलाड़ियों को इस क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने कहा गया है। यह जानकारी क्रिकेट क्लब समिति के सदस्य बीरेंद्र कुमार निषाद द्वारा दी गईं।

### दिल्ली सरस मेला में भारती ने लगाया मिलेट्स फ़ूड स्टॉल

दुर्ग। राजधानी दिल्ली में आयोजित दिल्ली सरस मेला में छत्तीसगढ़ के मिलेट्स आधारित उत्पादों ने लोगों का दिल जीत लिया। दुर्ग जिले के सत्यम महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य भारती ने यहां फ़ूड स्टॉल लगाकर कोदो, कुटकी और रागी से बने विविध व्यंजनों की प्रदर्शनी व बिक्री की। भारती द्वारा तैयार किए गए मिलेट्स लड्डू, चीला, बिस्कुट, नमकीन और हेल्दी स्नैक्स को दिल्लीवासियों ने खूब पसंद किया। भारती ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मिलेटस उत्पादों को बढ़ावा देने से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। भारती ने कहा कि दिल्ली सरस मेला में हिस्सा लेना उनके लिए बहुत बड़ा अवसर है।

### आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने शिव चंद्राकर

दुर्ग। वरिष्ठ भाजपा नेता शिव



चंद्राकर को छत्तीसगढ़ भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही दुर्ग भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई और जिला कार्यालय में उन्हें बधाई दी। शिव चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है और वे संगठन को और मजबूत करने की दिशा में पूरी जिम्मेदारी से काम करेंगे। उनका कहना है कि आर्थिक प्रकोष्ठ सभी जिलों में बेहतर समन्वय के साथ संगठनात्मक काम जारी रखेगा।

# बारात, शोभायात्रा, धार्मिक आयोजनों में प्लास्टिक कन्फेटी उड़ाना बैन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर को और अधिक स्वच्छ और प्रदूषण रहित बनाने की दिशा में दुर्ग निगम ने सख्त निर्णय लिया है। बारात सहित अन्य सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में प्लास्टिक के कन्फेटी पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब इसके झालकों को हवा में उड़ाया नहीं जा सकेगा। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग को कड़े निर्देश जारी करते हुए शहर सीमा क्षेत्र में प्लास्टिक कन्फेटी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

निगम प्रशासन जल्द ही इस प्रस्ताव को एमआईसी में प्रस्तुत करेगा। इसके लागू होते ही बारातों, शोभायात्राओं, धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में प्लास्टिक कन्फेटी उड़ाना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा।

## फैलने वाले कचरे को देखते हुए महापौर अल्का बाघमार ने दिए निर्देश

**शहर की स्वच्छता रैंकिंग पर असर, इसलिए निर्णयः** स्वच्छता सर्वेक्षण में स्वच्छ वातावरण और प्लास्टिक नियंत्रण महत्वपूर्ण मानक हैं। कन्फेटी का उपयोग इन दोनों मानकों को प्रभावित करता है। महापौर और आयुक्त ने स्पष्ट कहा है कि शहर को साफ-सुथरा रखना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्लास्टिक कन्फेटी शहर की सुंदरता और सफाई को नुकसान पहुँचाती है, इसलिए इसे बंद करना आवश्यक है। कन्फेटी रंग-बिरंगी चमकीली प्लास्टिक की छोटी-छोटी कटिंग्स होती हैं, जिन्हें समारोहों में विशेष प्रभाव के लिए उड़ाया जाता है। इन्हें उड़ाने के लिए उपयोग होते हैं। हैंडहेल्ड कन्फेटी शूटर, मेटल, प्लास्टिक कन्फेटी मशीन, गैस प्रेशर शूटर, ब्लोअर फैन, यह कन्फेटी देखने में आकर्षक लगती है, लेकिन बाद में साफ-सफाई की दृष्टि से यह अत्यंत कठिन और हानिकारक साबित होती है।




**प्लास्टिक कन्फेटी इसलिए किया जा रहा प्रतिबंधित, जानिए :** निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए अध्ययन और मैदान निरीक्षणों में पाया गया कि कन्फेटी सिंगल यूज प्लास्टिक से बनती है। अधिकांश कन्फेटी प्लास्टिक की चमकीली कटिंग्स होती हैं, जो बेहद छोटे-छोटे कणों में बिखरकर पूरे क्षेत्र में फैल जाती है। हवा के संपर्क में दूर-दूर बह जाती है। एक बार कन्फेटी सड़क पर गिरने के बाद, हवा चलने पर ये कई मीटर या कई किलोमीटर दूर तक जा सकती है, जिससे सफाई कर्मचारियों को इन्हें इकट्ठा करने में भारी दिक्कत होती है। ये सूक्ष्म प्लास्टिक कण नालियों में फँसकर जल-जमाव की स्थिति भी पैदा करते हैं।

नियम तोड़ने वालों पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया जाएगा और कन्फेटी उड़ाने वाली मशीन, ब्लोअर या उपकरण जब्त किए जा सकेंगे। निगम प्रशासन ने कन्फेटी प्रतिबंध पर जुर्माना और जब्ती से जुड़े प्रावधानों का मसौदा तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है। अगले एक महीने में सभी नियम और राशि तय कर दी जाएगी। नियम लागू करने से पहले लोगों को इसकी जानकारी दी जाएगी, ताकि बारात आयोजक, बैंड पार्टी, इवेंट कंपनियाँ और आम नागरिक इस नीति को समझकर सहयोग कर सकें। कन्फेटी उड़ाने या बेचने पर 5 हज़ार से लेकर 20 हज़ार तक भारी जुर्माना, उपकरणों की जब्ती भी की जाएगी, दोबारा उल्लंघन पर बड़े दंड तय किए जाएंगे। निगम ने शहर में कार्यक्रम आयोजित करने वाली बैंड पार्टियों, डीजे समूहों और इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों को पहले ही आगाह किया है।

## जनता का सवाल : निजामी चौक जाने वाली सड़क आधे में रुकी, फरीद नगर के लोग हलाकान

# फरीद नगर में सड़कें बदहाल, नाली के अंदर से गुजारी गई हैं पाइपलाइन

### नाली के भीतर से गुजरी पेयजल पाइप, बदबूदार पानी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 11 फरीद नगर में सड़कें जर्जर हालत में हैं। नालियों पर कब्जा है और पानी निकासी ठप पड़ी है। लोग लंबे समय से परेशानी झेल रहे हैं।

हरिभूमि की टीम वार्ड भ्रमण पर पहुंची तो पता चला कि ज्यादातर गलियों की सड़कें उखड़ चुकी हैं। एक निजी स्कूल के पास लगभग 60 फीट सड़क का निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन काम आधे में ही रोक दिया गया। यह सड़क आगे निजामी चौक तक जाती है। नूरी मस्जिद और आत्मानंद स्कूल के पीछे की सड़कें भी बदहाल हैं। छोटे बच्चे इन्हीं ऊबड़ खाबड़ रास्तों से स्कूल आते जाते हैं। कई बार साइकिल चलाने वाले बच्चे अनियंत्रित होकर नाली में गिर जाते हैं। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क और नाली की समस्या उठाई, लेकिन स्थितियों में कोई बदलाव नहीं आया। अब यहां के निवासियों को उम्मीद है कि जिम्मेदार अधिकारी जल्द कार्रवाई करेंगे। वार्ड पार्षद के मुताबिक समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

#### खेल मैदान कचरे में बदला, बच्चों के पास खेलने की जगह खत्म

फरीद नगर के बच्चों और युवाओं के लिए कभी लाल मैदान ही खेल का सबसे बड़ा सहारा था। यहां क्रिकेट, फुटबॉल और दूसरे खेलों की रौनक रहती थी। बाहर के इलाके से भी लोग खेलने आते थे क्योंकि मैदान खुला और बड़ा था। अब हालात बदल चुके हैं। आज इस मैदान में खेलने लायक जगह नहीं बची। चारों तरफ कचरे के ढेर और बिल्डिंग मटेरियल फैला है। मैदान का बड़ा हिस्सा कचरा डंपिंग जोन जैसा दिखता है। बच्चे बताते हैं कि जहां पहले विकेट लगाकर मैच खेले जाते थे, वहां अब मलबा पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते दिनों बाहरी क्षेत्र से आए कुछ लोग यहां तंबू लगाकर परिवार सहित रहने लगे। कई दिनों से इस मैदान में डेरा बना हुआ है। आसपास रहने वाले लोग इसे लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। खेल मैदान में अब सिर्फ पुराने झूलों के अवशेष बचे हैं। मैदान की बदहाली की वजह से क्षेत्र के बच्चे खेलने के लिए दूसरी जगहों का सहारा लेने मजबूर हैं। निवासियों की मांग है कि मैदान को जल्द साफ कराया जाए और इसे फिर से खेल के उपयोग के लायक बनाया जाए।







#### नालियों पर कब्जा, सफाई नहीं, सड़क भी टूटी-फूटी

नालियों पर कब्जा और गलत तरीके से बना



ड्रेनेज लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल बना रही हैं। स्थानीय निवासी निशार अहमद ने बताया कि नालियों पर कब्जे की वजह से सफाई नहीं हो पा रही। कई जगह पानी रुका रहता है और बदबू फैलती रहती है। इससे लोग काफी परेशान है। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास नाली का निर्माण तो हुआ, लेकिन काम ठीक से नहीं किया गया। नाली का ढलान गलत है और पानी आगे नहीं बह पाता। इस वजह से नाली अक्सर गंदे पानी से भरी रहती है और आसपास का माहौल खराब हो जाता है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों से बात की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह सड़क सीधे निजामी चौक तक जाती है और लोगों की आवाजाही यहां अधिक है। टूटी सड़कों की वजह से कई लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं।

#### बढ़ रहा संक्रामक बीमारियों का खतरा

फरीद नगर वार्ड 11 में पेयजल की समस्या भी है। कुछ जगहों पर पानी की पाइप लाइन नाली के अंदर से गुजर रही है। इससे दूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है और बीमारी का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके घर के पास स्टील पाइप लाइन लगाने की जगह प्लास्टिक की पाइप डाल दी गई। यह पाइप नाली के गंदे पानी के बीच से गुजरते हुए सीधे घरों में सप्लाई दे रही है। इसी वजह से नल से आने वाला पानी बदबूदार और गंदा होता है। लोग इसे पीने तो दूर, इस्तेमाल तक नहीं कर पा रहे। इस स्थिति में बीमारियों का खतरा बना हुआ है। कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

#### डामरीकरण व पेवर ब्लॉक के लिए 73 लाख मंजूर

वार्ड के पार्षद महेश वर्मा ने बताया कि सड़कों के डामरीकरण के लिए 73 लाख रुपए और प्लेवर ब्लाक के लिए 80 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। नालियों के ऊपर 9 पुलिया बनाने का काम चल रहा है। मेरे वार्ड में किसी भी नाली के ऊपर निर्माण नहीं है, अगर किसी ने किया है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। जर्जर सड़कों का जल्द संधारण किया जाएगा। पार्षद निधि से सार्वजनिक स्थलों पर टेबल और बेंच लगाया जा रहा है। लाल मैदान को साफ कराने को लेकर मैं वार्डवासियों के साथ धरने पर बैठा था। निगम अधिकारियों ने इस मैदान फैले कचरों का ढेर और भवन निर्माण मटेरियल को साफ करवाने का आश्वासन दिया है। नाली के अंदर से अगर पाइप लाइन गया है तो उसकी जांच की जाएगी।

### धान खरीदी की धीमी रफ्तार के विरोध में नगपुरा व बोरी में प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- अफसरों की मॉनिटरिंग नहीं करने का लगाया आरोप

धान खरीदी की धीमी गति से परेशान किसानों ने आज छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के आह्वान पर दमोदा नगपुरा और बोरी के धान खरीदी केन्द्रों में एक साथ प्रदर्शन किया। धान खरीदी का कार्य आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। वर्तमान में शासन ने खरीदी को 8 सौ क्विंटल प्रतिदिन तक सीमित रखा गया है। इसी निर्धारित लिमिट के अनुसार ही किसानों को टोकन जारी किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन ने प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट को बढ़ाकर 3 हजार क्विंटल करने और रबी फसलों के लिए नगद ऋण, खाद और बीज तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है। 4 दिसंबर को ननकट्टी चौक, नवागांव धान खरीदी केंद्र सहित अन्य स्थानों पर किसान प्रदर्शन करेंगे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह ग्राम कोलिहापुरी में डॉ0 रंजना श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक सेवा, समाज के उत्थान के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पण की भावना रखते हुए सामाजिक समरसता विश्वबंधुत्व, राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है।

## भगवद्गीता जीवन का महान मार्गदर्शक ग्रंथ होता है तनाव प्रबंधन में उपयोगी सिद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



- साइंस कॉलेज में गीता जयंती का आयोजन

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में संस्कृत एवं योग विभाग द्वारा गीता जयंती समारोह मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सामूहिक गीता श्लोक पाठ हुआ। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा एवं देवी शारदा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पश्चात प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसएन झा एवं अन्य अतिथियों का तिलक चंदन से विद्यार्थियों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ एसएन झा ने विद्यार्थियों को गीता के महत्व पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि भगवद्गीता जीवन का महान मार्गदर्शक ग्रंथ है, जिसका अध्ययन मानव जीवन में सकारात्मकता विकसित करता है तथा ,है।

इसके बाद सभी ने श्रीमद् भागवत गीता के बारहवें अध्याय का सामूहिक सस्वर श्लोक पाठ किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों के साथ संस्कृत एवं योग विभाग के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस आयोजन में योग शिक्षिका डॉ नीरा सिंह का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ सतीश कुमार सेन, डॉ गोविन्द गुप्ता, डॉ, रजनीश उमर, डॉ रश्मि गौर, डॉ राजेश्वरी जोशी तथा राखी भारती मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान तथा सह संयोजक क्रीड़ाधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप थे। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने किया।

### महापौर अलका बाघमार ने किया वाल्व बदलने के कार्य का निरीक्षण

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा मालवीय नगर कॉम्प्लेक्स के पास 600 एमएम वाल्व बदलने का कार्य किया जा रहा है। इसी कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने महापौर अलका बाघमार, प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता विनोद मांझी और सहायक जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौके पर पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों से वाल्व बदलने की प्रक्रिया कार्य का जल्द और जल आपूर्ति पर इसके प्रभाव की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न हो और नागरिकों को पानी की परेशानी का सामना न करना पड़े। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि जल विभाग की टीम को पूरी तत्परता से कार्य करना चाहिए, ताकि क्षेत्रवासियों को नियमित और सुचारू जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि जहां भी जलापूर्ति से संबंधित समस्या आती है, वहाँ निगम तुरंत कार्रवाई करेगा। अधिकारियों ने महापौर को बताया कि 600 एमएम वाल्व मरम्मत कार्य किया जा रहा है और बहुत जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद मालवीय नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति और अधिक सुचारू होगी।

## कॉलेज में पशुओं के विचरण एवं सुरक्षा के लिए निगरानी टीम का किया गठन



दुर्ग। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुओ-मोटो रिट पिटीशन सिविल के अंतर्गत दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के दिशा-निर्देश में प्राध्यापकों एवं छात्राओं के लिए परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने महाविद्यालय में पशुओं के प्रवेश पर रोक लगाने और छात्रा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने छात्राओं को सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए पशुओं के आसपास सावधानी बरतने, काटने के बाद प्राथमिक उपचार प्रदान करने की जानकारी दी। डॉ. तोषिना तैलंग ने छात्राओं को अपरिचित पशुओं से दूरी बनाए रखने और उकसाने और छेड़ने से बचने के बारे में बताया। डॉ. अनामिका वस्त्रकार ने प्राथमिक उपचार समझाए, सुश्री तबस्सुम अली ने छात्राओं को तुरंत रिपोर्टिंग के प्रोटोकॉल के बारे में बताया। इस अवसर पर एक टीम का भी गठन किया गया जो कि निरीक्षण कर महाविद्यालय प्रांगण में किसी भी तरह के पशु के प्रवेश एवं व्यवहार पर निरंतर निगरानी कर रिपोर्ट प्रदान करेगी, जिससे किसी भी दुर्घटना और अप्रिय स्थिति को रोका जा सके और सुरक्षा मानकों का पालन हो सके। डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा इसके लिए एक टीम का गठन किया। जो 24 घंटे व 7 दिन कार्य करेगी, जिसमें डॉ. मोहम्मद शोएब को नोडल अधिकारी, दीपक ठाकुर, अरविन्द लोखण्डे, चन्द्रहास बेदरे, ओम ध्रुव, युसुफ खान, विनोद, को सदस्य बनाया गया है।

## शासन-प्रशासन से शिकायत के बाद भी निराकरण नहीं

# दो साल से जारी नहीं किया क्लीयरेंस, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- कोई ठोस कार्रवाई नहीं, आक्रोश

नगर निगम, नगर पंचायत एवं नगर पालिका क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यों का अंतिम भुगतान इन दिनों खनिज विभाग की सुस्ती के कारण अटक गया है। कार्यों में प्रयुक्त गौण खनिज की मात्रा के सत्यापन के लिए आवश्यक रॉयल्टी चुकता प्रमाणपत्र जारी न होने से अनेक छोटे ठेकेदार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

विगत दो वर्षों से जिला खनिज शाखा द्वारा इन प्रमाणपत्रों के निर्गमन में लगातार विलंब किया जा रहा है, जिसके चलते विकास कार्यों का भुगतान प्रक्रिया रुक गई है। नगर पालिका निगम भिलाई के ठेकेदार संघ ने इस संबंध में कई बार लिखित रूप से आवेदन प्रस्तुत किए हैं। संघ द्वारा 16 दिसंबर 2024, 5 मार्च 2025, 4 अप्रैल 2025 तथा 26 मई 2025 को रॉयल्टी चुकता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए निवेदन किया गया था। बावजूद इसके, विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई।

#### अब तक की गई शिकायतों का असर नहीं

8 सितंबर 2025 को उपसंचालक खनिज शाखा दुर्ग द्वारा ठेकेदार संघ को जवाब दिया गया। पत्र में उल्लेख किया गया कि कुल 54 प्रकरणों का परीक्षण कर 25 अगस्त 2025 को नस्ती कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर दी गई है, तथा नस्ती प्राप्त होते ही 2-3 दिवस के भीतर प्रमाणपत्र जारी कर दिए जाएंगे। परंतु उक्त जवाब को तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक एक भी रॉयल्टी चुकता प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है। इस स्थिति ने ठेकेदारों में गंभीर असंतोष उत्पन्न कर दिया है। उनका कहना है कि भुगतान न मिलने से परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, बैंक किश्तें और दैनिक खर्चों पर भारी संकट उत्पन्न हो गया है। ठेकेदारों का दावा है कि कई बार कलेक्टर और उपसंचालक, दोनों से निवेदन करने के बावजूद आज तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई।

#### महीनों से भुगतान की प्रक्रिया बाधित, कार्य एजेंसियां हो रहीं परेशान

विभाग की इस देरी को लेकर कार्य एजेंसियों ने कहा कि क्या नस्ती कलेक्टर कार्यालय में लंबित है। अथवा खनिज विभाग स्तर पर ही फाइल रोकी गई है। ठेकेदारों का कहना है कि विभागीय उदासीनता के कारण भुगतान प्रक्रिया महीनों से बाधित है और विकास कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि लंबित सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए। रॉयल्टी चुकता प्रमाणपत्र शीघ्र जारी किए जाएं। देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

### महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन पर विविध आयोजन

दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या महाविद्यालय की विशाखा समिति एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विविध आयोजन किए गए। जिसमें उक्त विषय पर एक चर्चा में प्राचार्य ने कहा कि दुनिया भर में लगभग 3 में से एक महिला को अपने जीवन में मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में महिलाओं के विरूद्ध सभी प्रकार की हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में यह दिवस घोषित किया गया है। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. आरके पुरोहित ने उक्त विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि महिलाओं के विरूद्ध हिंसा का अर्थ केवल शारीरिक चोट नहीं है, बल्कि इसमें यौन, मानसिक और वित्तीय शोषण सहित कई प्रकार के कानूनी कार्य सम्मिलित हैं।

### 5 डिसमिल से कम कृषि जमीन की रजिस्ट्री पर रोक बाद बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी से फूटा आक्रोश

- आम आदमी पार्टी ने किया विरोध, आंदोलन की चेतावनी

दुर्ग। जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी को लेकर आम आदमी पार्टी ने भी विरोध शुरू कर दिया है। संगठन ने उग्र आंदोलन की तैयारी की है। आप कार्यकर्ताओं ने कहा कि पहले 5 डिसमिल (लगभग 2200 वर्गफीट) से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री रोक के बाद अब साय सरकार का एक और जनविरोधी फरमान लाया गया। अब बाजार मूल्य बढ़ा दिया गया है। रजिस्ट्री शुल्क में पहले ही बढ़ोत्तरी की जा चुकी है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि साय सरकार द्वारा प्रदेश मे जमीनों के रजिस्ट्री और गाइडलाइन दरों मे बेतहाशा वृद्धि की गई है। इसका आप विरोध करती है। फैसला जन विरोधी है। संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा कहा कि फैसला वापस लिया जाए, अन्यथा कार्यकर्त्ता एवं प्रदेश की जनता सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराएगी। प्रदेश सचिव देवेंद्र सिंह भाटिया ने कहा अभी विरोध के साथ बढ़ी गाइडलाइन की दरों की वापसी की मांग को लेकर सरकार को जिलवार ज्ञापन देकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी का पुतला दहन किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जो नई जमीन गाइडलाइन दरें घोषित की हैं। उसे सिर्फ बड़े जमीन के कारोबारियों के फायदे के लिए बनाया गया है। जमीन गाइडलाइन दर मे बेतहाशा बढ़ोतरी सरकार तानाशाही पूर्ण फैसला है। जिलाध्यक्ष रवि साहू ने कहा सरकार अब खुले तौर पर प्रदेश की जनता के साथ व्यापार करने में जुट गई है जबकि एक चुनी हुई सरकार जनता के हित मे योजना बनाती है। भिलाई प्रतिनिधि जसप्रीत सिंह समेत प्रदेश भर के आप कार्यकर्ताओं ने इसे आम जनता के सपनों पर हमला बताते हुए, सरकार से तत्काल इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### राजनांदगांव जिला संगठन के प्रभारी बनाए गए जितेन्द्र



**पाटन-सेलुद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश मंत्री जितेन्द्र कुमार वर्मा को राजनांदगांव जिला संगठन प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। जिला भाजपा अध्यक्ष रहते पार्टी में उनकी सक्रिय भूमिका, कार्यकुशलता और संघठनात्मक कार्यपद्धति के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए यह नियुक्ति भाजपा संगठन की मजबूती की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं में इस निर्णय को लेकर उत्साह का माहौल है और माना जा रहा है कि श्री वर्मा की नियुक्ति से जिले में भाजपा की संगठनात्मक पकड़ और मजबूत होगी। उनकी नियुक्ति से हर्षित कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भाजपा नेतृत्व के प्रति साधुवाद व्यक्त किया है।

### पाटन कॉलेज के विद्यार्थी कौशल विकास में भी आगे



**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश निक्की भाले व नगर पंचायत पाटन के सभापति केवल देवांगन और जनभागीदारी सदस्यों ने कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा से मिलकर कालेज गतिविधियों की जानकारी लिए। प्राचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को सफल करने और विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेन्ट के लिए बांस कला, फेब्रिक पेंटिंग, क्लासिकल नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला, टूटी फ्रूटी कतरी निर्माण कार्यशाला, कम्प्यूटर हार्डवेयर की जानकारी कार्यशाला का आयोजन कर किया गया है। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया। अध्यक्ष निक्की भाले प्रशिक्षित विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए उत्पादों को देखकर गदगद हो गए और छात्र छात्राओं के कौशल विकास के लिए प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा एवं महाविद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए महाविद्यालय गतिविधियों पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## निधन

### राजेन्द्र केलकर



**भिलाई।** केनरा बैंक के सेवा निवृत्त मैनेजर राजेन्द्र केलकर का बुधवार की दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 दिसंबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे फ्लैट 22 ब्लॉक ई-9 चौहान टाउन भिलाई से रामनगर मुक्ति धाम के लिए निकलेगी।

### डॉ महेंद्र यदु



**सेलुद।** ग्राम गोडपेंडरी निवासी डॉ महेंद्र यदु (78) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ प्रेमिश यदु के पिता थे।

# कृषि मंत्री ने उद्यानिकी छात्रों का बढ़ाया हौसला, समस्याएं भी पूछी और किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

महत्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा ,पाटन ,दुर्ग में राज्य के कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने दौरा किया। उन्होंने विद्यालय के नवनिर्मित भवनों का सघन अवलोकन किया तथा विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षिक अनुसंधान एवं खेल गतिविधियों की सराहना की। भ्रमण के दौरान श्री नेताम ने छात्र छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों के शैक्षणिक अनुभव अनुसंधान रुचि एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्हें कड़ी मेहनत और नवाचार के लिए प्रेरित किया। इसी दौरान विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय खेल स्पर्धा में सहभागिता कर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को जीवन में अपने का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति ने मंत्री के समक्ष विश्वविद्यालय की उपलब्धियां शैक्षणिक योजनाओं अनुसंधान कार्यों एवं विस्तार गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य में उद्यानिकी वानिकी क्षेत्र की असीम संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्र में नवाचार अनुसंधान और तकनीकी विस्तार की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। मंत्री नेताम ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा की उद्यानिकी एवं वानिकी राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और इस दिशा में विश्वविद्यालय की पहल सराहनीय है उन्होंने अनुसंधान को व्यवहारिक उपयोग से जोड़ने पर बल दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी गण ,संकाय सदस्य गण कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन उत्साह ऊर्जा एवं सकारात्मक संकल्प के साथ हुआ।

## अनुसंधान और ऑयल पंप प्लांटेशन का किया निरीक्षण



### आवागमन की कठिनाइयों से कराया मंत्री को रूबरू

मंत्री नेताम विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्र खुडमुड़ी पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों के साथ-साथ ऑयल पंप प्लांटेशन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्नातकोत्तर एवं एचडी के शोधार्थी छात्रों के से मुलाकात कर उनकी सोच संबंधित समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। यहां शोधार्थियों ने रिसर्च फॉर्म की अधिक दूरी एवं आवागमन में हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया, जिस पर श्री नेताम ने अत्यंत संवेदनशीलता से लेते

## राज्य शासन की नई व्यवस्था से प्रभावित लोगों में आक्रोश

# नई रजिस्ट्री दर से अधूरा रह जाएगा मकान बनाने का सपना, सड़क पर उतरे ग्रामीण जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

प्रदेश सरकार द्वारा रजिस्ट्री की नई गाइडलाइन लागू किए जाने के बाद पाटन क्षेत्र के व्यापारी एवं किसानों में भारी आक्रोश है। इसी मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ पंजीयन समस्या निवारण संगठन–जनशक्ति मोर्चा के तत्वावधान में बुधवार को एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नई गाइडलाइन से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है और आम आदमी का खुद का मकान बनाने का सपना अधूरा रह जाएगा।



आंदोलनकारियों ने बताया कि पहले जिस जमीन की बाजार कीमत लगभग दस लाख रुपये थी, उसका पंजीयन शुल्क करीब पचास हजार रुपये में संपन्न हो जाता था। मगर नई सरकारी गाइडलाइन जारी होने के बाद उसी जमीन की कीमत बढ़ाकर एक करोड़ रुपये निर्धारित कर दी गई है, जिससे अब पंजीयन शुल्क 5 से 7 लाख रुपये तक पहुंच रहा है। इतनी भारी राशि का वहन करना सामान्य किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए लगभग असंभव हो गया है।

प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों और व्यापारियों ने कहा कि सरकार ने गाइडलाइन बढ़ाते समय आम जनमानस की आर्थिक क्षमता को ध्यान में नहीं रखा। बढ़ी हुई दरें न केवल घर बनाने के सपने को खत्म कर रही हैं, बल्कि किसानों की जमीन खरीद-फरोख्त पर भी भारी असर पड़ रहा है। कई लोगों के जरूरी काम सिर्फ इसलिए अटक गए हैं क्योंकि वे पंजीयन शुल्क देने में असमर्थ हैं।

इन्हीं समस्याओं को लेकर आज जनशक्ति मोर्चा के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पंजीयन शुल्क कम करने, गाइडलाइन को यथावत रखने तथा आम जनता की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए पुनर्विचार की मांग की गई।

संगठन ने सरकार से अपील की है कि जनसामान्य की मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से सुनकर तत्काल राहत प्रदान की जाए, ताकि लोगों का अपने घर और जमीन का सपना जीवित रह सके।विजय सोनी, संतोष कुंभकार, भागवत यादव, ऋषि कौशिक, शरद वर्मा, कमल देवांगन, मनोज कुर्रे, रामनारायण पटेल, रवि साहू, कामदेव साहू, शंकर यदु, चंद्रिका प्रसाद, राकेश बंछोर, धार्मिक भैया, रोशन हिरवानी, संजय राय, रोशन वर्मा, शिवानंद ताम्रकार, हरि कश्यप, नीरज वर्मा, साहेब दास, गुरुदेव चक्रधारी, भागवत चक्रधारी, ऋतुराज जोशी, मनमोहन बघेल, गौतम, विनेश , अनिल , एवं अन्य बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मौजूद थे।




# ग्रामवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/सेलूद

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में ग्राम मटंग में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का प्रारंभ प्रभात फेरी के साथ हुआ। प्रभात फेरी के माध्यम से स्वयं सेवकों ने जागरण किया।

प्रभात फेरी के पश्चात शारीरिक व्यायाम , योग, प्राणायाम एवं प्रेरक वचनों के माध्यम से स्वयं सेवकों ने स्वास्थ्य प्रति जागरूकता प्रेषित किए। स्वल्पाहार पश्चात परियोजना कार्य के अंतर्गत प्राथमिक शाला प्रांगण, गार्डन की साफ सफाई, सार्वजनिक मंच, बाजार चौक, नाली की सफाई, सड़क के किनारे की सफाई कार्य किया गया। द्वितीय सत्र बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि उत्तमलाल उपस्वास्थ्य केंद्र गाड़ाडीह ने उपस्थिति दी।

विशिष्ट अतिथि डॉ अरुणा साव एवं ज्योति कुर्रे, सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय पाटन उपस्थित रहे। साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला मटंग के प्रधानाचार्य बलराम वर्मा एवं ग्राम प्रमुख अमित हिरवानी सरपंच विशिष्ट आतिथ्य के रूप उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ साधना राहटगांवकर कार्यक्रम अधिकारी, एवं कार्यक्रम संचालन डॉ एस के भारती कार्यक्रम अधिकारी एवं कु. पायल धीवर महादलनायिका ने किया।

डॉ अरुणासाव ने तनाव के कारण, लक्षण एवं समय प्रबंधन विषय पर स्वयं सेवकों को विस्तार से जानकारी प्रदान किए। विशिष्ट आतिथी ज्योति कुर्रे ने समय प्रबंधन एवं प्रतियोगिता परीक्षा तैयार कैसे करे, विभिन्न परीक्षा की तैयारी शंका समाधान साथ स्वयंसेवकों को मोटिवेशनल स्पीच भी प्रदान किए। सरपंच अमित हिरवानी ने आगंतुक अतिथि का स्वागत करते हुए भविष्य में आगमन लिए शुभकामनाएं प्रेषित किए।

शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानाचार्य बलराम वर्मा के स्वयं सेवकों शैली अपनाए एवं अच्छा से पढ़ाई करने करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि मधुकर एवं तिवारी ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि साफ सफाई को ध्यान रखते हुए मच्छरदानी बचाव व लाभ को समझाया। अगले दिन शाला प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के संदर्भ में जानकारी भी प्रदान की। अंत में आभार प्रदर्शन क्रमश डॉ एस के भारती कार्यक्रम अधिकारी एवं नितिन देवांगन महादलनायक ने किया। अंतिम सत्र में स्वयंसेवकों ने शाम की चाय के पश्चात ग्रामीण भ्रमण एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# आत्मानंद स्कूल का लिया जायजा, की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम बोरी के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का सरपंच और एसएमडीसी अध्यक्ष ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अवसंरचना और स्वच्छता का जायजा लिया तथा बच्चों से रूबरू बातचीत की। अरविंद पटेल ने विद्यालय के पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब और कक्षाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय परिसर की सफाई और सुव्यवस्थित व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने प्रत्येक ग्रामीण बच्चे को शहरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके इसके लिए भाजपा सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सरपंच टेकेश्वर देशमुख ने कक्षा छठवीं से लेकर बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं से बातचीत की। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना। जब अधिकांश बच्चों ने भविष्य में शिक्षक बनने की इच्छा जताई, तो बघेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं। बच्चों का इस ओर प्रेरित होना शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी सफलता है। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सरपंच बोरी के सरपंच टेकेश्वर देशमुख, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार पटेल, भोला पटेल, बुधराम साहू,पवन निर्मलकर, प्रभारी प्राचार्य गुलनाज बानो, धीरजा चौधरी, राजेश शुक्ला, दीपिका बघेल, अलका राय उपस्थित थी।

# डिजिटल हिंसा के विरुद्ध किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सहयोगी एफएम रेडियो थनौंद दुर्ग द्वारा ग्राम खपरी (सिलोदा) में डिजिटल हिंसा पर आधारित शैक्षिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालयीन बच्चों के साथ महिलाओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने जागरूकता रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम में अनुसूईया नारायण साहू सरपंच ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा ने महिला एवं बच्चों के बीच डिजिटल हिंसा को खत्म करने समस्त ग्राम वासियों को प्रेरित किया।




उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन सुरक्षा डिजिटल दुनिया में हिंसा को नो पर सहयोगी रेडियो एवं स्मार्ट नई दिल्ली द्वारा 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक 16 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खपरी सिलोदा में नारायण साहू पूर्व सरपंच के विशिष्ट मार्गदर्शन में ग्रामीणों की सहभागिता सहरनीय है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा की सरपंच अनुसूईया नारायण साहू, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक जीवनलाल चंद्राकर, धर्मेंद्र कुमार हिरवानी शिक्षक एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता सहायिका मितानिन रेडियो के प्रबंधक महेंद्र सिन्,हा थनौद समन्वयक यामिनी हरमुख थनौद और जय आंचल मानिकपुरी तकनीकी विशेषज्ञ आडिल उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 6 की नसबंदी

**अंडा।** परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत लैंगिक समानता को ध्यान में रखते हुए विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में 06 हितग्राहियो का पुरूष नसबन्दी का सफल आपरेशन किया गया। ₹स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार, पुरूष सहभागिता से ही होगा यह सपना साकार ₹ की थीम पर डॉ मनोज दानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के आदेश एवं डॉ एन एल बंजारे खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जी आर भूआर्य बी ई टी ओ, आर के वर्मा बी पी एम के नेतृत्व में सर्जन डॉ प्रफुल्ल धीवर, डॉ देवाग्य चंद्राकर ने यह ऑपरेशन किया, जिसमें आपरेशन सहयोगी अस्वती स्टाफ नर्स, जेस्सी चेरियन स्टाफ नर्स का पूर्ण सहयोग रहा।




# पाऊवारा में भागवत कथा का शुभारंभ पहले दिन निकाली गई शोभा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी स्व.कमला देवी साहू की पुण्य स्मृति में गृह ग्राम पाऊवारा में आयोजित किए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के प्रथम दिन श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह महिलाओं और युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ यात्रा निकाली, जिससे पूरा वातावरण धार्मिक रंग में रंग गया। यात्रा ग्राम पाऊवारा के शीतला मंदिर, राम मंदिर,शक्ति माता, लक्ष्मी मंदिर एवं शिव मंदिर से कथा स्थल मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

पहले दिन कथावाचक निरंजन महाराज ने भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने मात्र से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और यह मनुष्य को भवसागर से पार कराने वाली मरणोत्तर मुक्ति का साधन है। उन्होंने कहा कि वेदव्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्रों से परिपूर्ण इस महापुराण की रचना मानव कल्याण के लिए की थी।

कथावाचक निरंजन महाराज ने धुंधकारी और गोकर्ण प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार गोकर्ण ने भागवत कथा के माध्यम से अपने भाई धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति दिलाई। यह प्रसंग भागवत कथा की महिमा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जो श्रद्धालु भक्ति और एकाग्रता के साथ कथा का श्रवण करते हैं, उनके जीवन में ज्ञान और भक्ति का संचार होता है,उन्हें आध्यात्मिक शांति का अनुभव प्राप्त होता है। आयोजक प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया कि कथा सप्ताह भर चलेगी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए और कथामृत का लाभ उठाया।

## कांचरी में सात दिवसीय रासेयो शिविर आयोजित

# संगीत विवि के एनएसएस कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम कांचरी में आयोजित इंदिरा कला संगीत विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का समापन कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा आतिथ्य मे हुआ।



नशा मुक्त भारत थीम पर आयोजित शिविर के अंतिम दिवस लोक संगीत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पंडवानी सहित गणेश वंदना, ददरिया, जंवारा गीत, सुआ, राउत नाचा, देवार नृत्य, गेड़ी, पंथी व फाग जैसे लोक गीतों व नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कुलपति प्रो डॉ शर्मा ने कहा कि विवि के लिए यह गर्व का विषय है कि गांव में आकर सांगीतिक आदान प्रदान कर पाए हैं।

आज जो बच्चें यहां मौजूद है, इन्हीं में से कोई बच्चा कला को जानेगा और प्रदेश सहित देश का नाम रोशन करेगा। विवि के एनएसएस इकाई की पहल का उद्देश्य है कि छोटी जगह में जाकर लोगों को संगीत कला की शिक्षा दे पाएं। उन्होने विवि और ग्रामीणों के बीच हमेशा जुड़ाव की इच्छा जाहिर की। इस दौरान लोक संगीत व कला संकाय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ भरत पटेल, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो नमन दत्त, सहायक प्राध्यापक डॉ लिकेश्वर वर्मा, डॉ. दीपशिखा पटेल, जगदेव नेताम, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ दिवाकर कश्यप, शोध सहायक डॉ बिहारी लाल तारम, संगतकार डॉ नत्थू तोड़े, अतिथि व्याख्याता डॉ परमानंद पाण्डेय, डॉ विधा सिंह, डॉ राजकुमार पटेल सहित पंचायत पदाधिकारी मौजूद थे।

# छात्राओं को मिली सरस्वती सायकल

**सेलूद।** दाऊ बृजलाल देवांगन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पतोरा में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत 21 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरों पर उत्साह छलक उठा। इस अवसर पर सरपंच भुनेश्वर साहू, उपसरपंच देवचरण कौशल, जनपद सदस्य चंद्रिका कलिहारी, पंचगण मुकेश चांदने,



हेमचंद्र ठाकुर (हेमू), दीपक साहू, गोरेलाल श्रीवास, चूमन साहू, चित्रसेन कलिहारी, नेमबाई, राधा ठाकुर, डिलेश्वरी साहू, मनोज साहू, कमलेश्वरी साहू, एकता साहू, कामिन देशलहरे, जामुन ठाकुर, सरस्वती साहू, दीप्ति श्रीवास, अध्यक्ष सेजस टीकाराम देवांगन, विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रीतिबाला साहू, शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



## खबर संक्षेप



### स्लाटर हाउस के विरोध में चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान

**भिलाई।** राधिका नगर वार्ड 7 स्थित स्लाटर हाउस पर विरोध जताते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। राधिका नगर स्थित स्लाटर हाउस के संचालन को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। मदन सेन के नेतृत्व में इसे बंद कराने हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। उनका कहना है कि स्लाटर हाउस से जुड़ी पर्यावरण प्रक्रिया, स्वास्थ्य मानक और नगर निगम अधिनियम जैसी जरूरी शर्तों का पालन नहीं किया गया। स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रही हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की खुली जन सुनवाई कराने की मांग की है। मदन सेन का कहा है कि बिना प्रक्रिया पूरी किए स्लाटर हाउस को संचालन की अनुमति नहीं देना चाहिए। उन्होंने शिकायत पत्र मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, पर्यावरण मंत्री, कलेक्टर, सीएमएचओ और कई अन्य विभागों को भेजा गया है।

### अवैध हथियार के साथ वृद्ध को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** अवैध रूप से हथियार बेचने वाले को पुलिस ने अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है। घटना थाना पुलगांव क्षेत्र का है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्ग स्थित शिवनाथ नदी के पास गुरुद्वारा क्षेत्र से वृद्ध को छह लोहे की तलवारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बिना लाइसेंस के धारदार हथियार बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर अमृतसर पंजाब निवासी निर्मल सिंह 60 वर्ष को पकड़ा गया। आरोपी के पास से पुलिस ने 6लोहे का तलवार जब्त किया गया। तलवारों को लेकर आरोपी के पास से से वैध लाइसेंस या दस्तावेज पुलिस को नहीं मिला। आरोपी से पूछताछ करने पर तलवारों की अवैध बिक्री करना स्वीकार किया। पुलगांव पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध कायम कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या अवैध हथियार से जुड़े लोगों की गतिविधियों के बारे में सूचना दें।

### दिक्कत उन स्कूलों को जहां एसआईआर में शिक्षकों की लगी है ड्यूटी

# सरकारी स्कूलों में छिमाही परीक्षा 12 दिसंबर से, कोर्स पूरा करने लगा रहे एक्स्ट्रा क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सरकारी स्कूलों में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में छिमाही परीक्षा की तैयारी है। इस बार पुस्तकें देरी से मिली और कई स्कूल ऐसे हैं जहां इन दिनों शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में लगाई गई है। ऐसे स्कूलों में कोर्स पूरा नहीं हो पाया है। इस हालात से निपटने के लिए जिला शिक्षा विभाग ने एक्स्ट्रा क्लास लगाकर कोर्स पूरा करवा रहा है। पहली से लेकर आठवीं कक्षा की परीक्षा 12 दिसंबर से शुरू हो रही है।

### पाठ्यक्रम से 75 प्रतिशत हिस्से से पूछे जाएंगे सवाल

छिमाही परीक्षा में पाठ्यक्रम से 75 प्रतिशत हिस्से से प्रश्न पूछे जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक कई स्कूलों में 50 प्रतिशत तक ही कोर्स पूरा हुआ है जो सिलेबस में है। इसलिए जिला शिक्षा विभाग ने एक्स्ट्रा क्लास लेकर शिक्षकों को परीक्षा के पूर्व ही कोर्स पूरा करने की हिदायत दी है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों ने इस संबंध में बैठक लेकर शिक्षकों को एलर्ट कर दिया है ताकि रिजल्ट खराब न आए।

**स्कूलों में शिक्षक नहीं होने से बच्चे ही करा रहे पढ़ाई**



### जिले से प्रश्नपत्र हैं तैयार

इस बार छिमाही परीक्षा का प्रश्नपत्र जिला स्तर पर तैयार किया गया है। विशेषज्ञ टीम इस प्रश्नपत्र को तैयार किया है। प्रश्नपत्र परीक्षा तिथि के एक दिन पहले ब्लॉकों में भेजे जाएंगे। ब्लॉक से स्कूलों में प्रश्नपत्र परीक्षा तिथि को ले जाया जाएगा। आलमारी में सीलबंद पैकेट सील होगा। जिसकी एक चाबी हेडमास्टर के पास और दूसरी चाबी परीक्षा प्रभारी के पास सुरक्षित रहेगा। परीक्षा के एक घंटे पहले इस प्रश्नपत्र को निकाला जाना है।

### सुबह 10 बजे व 11 बजे से होगी परीक्षा शुरू

जिला शिक्षा विभाग के घोषित समयसारिणी के हिसाब से पहली से पांचवी तक की परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। छठवीं से लेकर आठवी की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक ली जाएगी। परीक्षा केंद्र वहीं होंगे जहां विद्यार्थी वर्तमान स्कूल में अध्ययनरत हैं।

**पहली से पांचवीं की समय सारिणी**

| तिथि | पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी | पांचवी |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 दिसम्बर | अंग्रेजी | हिन्दी | गणित | हिन्दी | अंग्रेजी |
| 15 दिसम्बर | गणित | अंग्रेजी | हिन्दी | अंग्रेजी | गणित |
| 16 दिसम्बर | हिन्दी | गणित | पर्यावरण | गणित | पर्यावरण |
| 17 दिसम्बर | - | - | अंग्रेजी | पर्यावरण | हिन्दी |

**छठवीं से आठवीं की अर्धवार्षिक परीक्षा**

| तिथि | छठवीं | सातवी | आठवीं |
|---|---|---|---|
| 12 दिसम्बर | हिन्दी | अंग्रेजी | गणित |
| 15 दिसम्बर | अंग्रेजी | गणित | संस्कृत |
| 16 दिसम्बर | संस्कृत | हिन्दी | विज्ञान |
| 17 दिसम्बर | गणित | संस्कृत | सामा. विज्ञान |
| 19 दिसम्बर | विज्ञान | सामा. विज्ञान | हिन्दी |
| 20 दिसम्बर | सामा.विज्ञान | विज्ञान | अंग्रेजी |

### परीक्षा के दिन ही होगा मूल्यांकन

जिला शिक्षा विभाग की योजना के हिसाब से परीक्षा के बाद उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन विषय शिक्षकों के माध्यम से उसी दिवस करवाई जाएगी। इससे समय पर परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सकेगा। लेकिन विषय शिक्षक उसी दिन उत्तरपुस्तिका जांच कर पाएंगे इसे लेकर संशय की स्थिति है। मूल्यांकन के बाद उत्तरपुस्तिका को कार्यालय में सुरक्षित रखना है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी या जिला कार्यालय के अधिकारी निरीक्षण के दौरान इसका अवलोकन भी करेंगे।

### प्रश्नपत्र खोलने की हर दिन जानकारी

प्रश्नपत्र खोलते समय दो शिक्षकों के हस्ताक्षर अवश्य लेना है। जिस विषय के प्रश्नपत्र होंगे उसकी विषय के ही पैकेट खोले जाएंगे। प्रश्नपत्रों की संख्या का मिलान भी पैकेट के बाहर लिखे हैं उतने है कि नहीं यह करना है। प्रश्नपत्र का पैकेट के यदि दूसरे विषय का प्रश्नपत्र निकलता है तो इसकी सूचना तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को देना है।

### एक्स्ट्रा क्लास चला रहे

“ जिन स्कूलों में कोर्स पूरा नहीं हुआ है वहां हम एक्स्ट्रा क्लास शुरू करवाया है। इसी तरह एसआईआर में एक या दो शिक्षक ही काम कर रहे हैं। शेष शिक्षक परीक्षा कार्य संपन्न करवाएंगे।

**अरविंद कुमार मिश्रा,**
जिला शिक्षा अधिकारी

# म्यूल खाते का उपयोग करने वाले पुलिस की गिरफ्त में





**भिलाई।** म्यूल खाते का उपयोग करने वाले महिला पुरुषों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सुपेला पुलिस ने बंधन बैंक सुपेला में खाता खोलकर साइबर ठगी की शिकायत मिली थी। जांच करने पर पुलिस आरोपी तक पहुंची। जिसमें 27 आरोपियों ने बंधन बैंक में म्यूल अकाउंट खोला था। जिसमें 1 करोड़ 20 लाख से अधिक की रकम का अवैध लेन देन के बारे में बता चला। पुलिस ने 7 आरोपियों को पकड़ा है। जांच में पुलिस को पता चला कि कोहका निवासी चिकू उर्फ रमाकांत बंसोड़, रावणभांठा सुपेला निवासी रंजीत महानंद, शिवाजी नगर खुर्सीपार परमीला बाई जंघेल, सेक्टर 2 सडक नं 15 बी. ब्लाक 14 कमरा 10 के आकाश राव, रिसाली सेक्टर 31/01 जी भिलाई विपिन कुमार सिरसाम, सेक्टर 4 सडक नं 5 मकान 22 ई मानवी बेरी , दीनदयाल कालोनी मकान नंबर 604 खम्हरिया आशीष गुप्ता,एलआईजी 883/884 आदित्य नगर दुर्ग पिंकी कुर्रे को पकड़ा गया है। फरार खाता धारको की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# बकाया जलकर की राशि 31250 रुपये निगम कोष में जमा कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं के संचालको से सीमा कर एवं जलकर वसूली हेतु संपर्क स्थापित किया गया।

उद्योग संचालकों को बकाया जलकर जमा करने हेतु सूचित किया गया है। संपर्क पश्चात विश्व विशाल इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक की बकाया जलकर राशि 31250.00 रूपये निगम कोष में जमा कराया गया। उसी प्रकार सीमा कर (निर्यात कर) हेतु नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 173 व 174 के तहत जारी नोटिस के अनुसार सीमा कर की राशि शीघ्र जमा कर रसीद प्राप्त करने अन्य उद्योग संचालको को सूचित किया गया है।

इस अवसर पर सहायक राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अधिकारी जलकर विभाग धीरज साहू, सहायक राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अधिकारी सीमा कर विभाग अनिल मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन-4 मनीष कुमार सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बीएसपी रिटेंशन हाउसिंग विवाद में राहत दिलाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की रिटेंशन स्कीम के तहत रहने वाले सेवा निवृत्त कर्मचारियों पर नए दर लागू किए जाने के खिलाफ स्वीटी कौशिक सामने आई हैं। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र भेजकर कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के सैकड़ों परिवारों को बेघर करना गलत है। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लोगों को राहत दिलाने की मांग की है।

- भाजपा नेत्री स्वीटी कौशिक ने कलेक्टर से की मुलाकात



स्वीटी कौशिक ने कई मुद्दे उठाए। उनका कहना है कि 450 वर्ग फीट से बड़े मकानों को भी लाइसेंस दिया जाए, क्योंकि कर्मचारी वर्षों से 32 गुना किराया लगातार जमा कर रहे हैं और कोई बकाया नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि 2008 में हाउस लीज़ का छठा चरण मंजूर हुआ था, जिस उम्मीद पर कर्मचारी आज भी टिके हैं।

उन्होंने दुर्गापुर और राउरकेला स्टील प्लांट में बड़े क्षेत्र वाले मकानों को लाइसेंस देने के फैसलों का उदाहरण भी दिया। साथ ही सेक्टर 9 अस्पताल में निजीकरण खत्म कर पेंशनर्स को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था देने की मांग की। कौशिक का कहना है कि आवास न मिलने से परिवार सड़क पर आने की नौबत में है और हालात तनावपूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर फैसला न लेने पर जिम्मेदारी संयंत्र प्रबंधन की होगी।

# महिला पर जंगली सुअर ने किया हमला हालत गंभीर, से.-1 में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- घटना सेक्टर 1 सड़क 10 की है
- महिला के घर लौटते समय किया हमला

मंगलवार की शाम अचानक जंगली सुअर ने एक महिला पर हमला कर दिया। घटना में महिला बुरी तरह जक्मी हो गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-1, सड़क नंबर 10 होते हुए राजकुमारी देवांगन नामक महिला अपने घर लौट रहे थी। तभी झाड़ियों से अचानक एक जंगली सुअर निकला और महिला पर जोरदार हमला कर दिया। महिला की आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों के बाहर निकले। शोर मचाकर सुअर को लोगों ने भगाया। घायल राजकुमारी देवांगन को सुपेला के अस्पताल पहुंचाया गया। महिला को शरीर पर गंभीर चोटे आई है उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर अस्पताल रेफर कर दिया है। कई दिनों से सेक्टर-1 क्षेत्र में जंगली सुअरों की आवाजाही देखी जा रही है। वन विभाग द्वारा इसे लेकर ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है। महिला राजकुमारी देवांगन का उपचार फिलहाल जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक महिला की स्थिति स्थिर बनी हुई है। दुर्ग के डीएफओ दीपेश कपिल ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### जंगली सुअर के आने से लोग है परेशान

महिला के ऊपर जंगली सुअर के हमले के कारण सेक्टर 1 क्षेत्र में दशहत का माहौल व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि वन विभाग के लापरवाही के कारण ही इस तरह की घटना होती है। विभाग समय पर कार्रवाई करता तो हमला के ऊपर हमला नहीं कर पाता। जंगल से शहर की ओर इस तरह के जानवरों का पहुंचना सही नहीं है। इस पर वन विभाग को जागरुकता लानी होगी।

# आयुक्त ने विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत चल रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-1 नेहरू नगर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के साथ स्मृति नगर में निर्माणाधीन राधाकृष्ण उद्यान का निरीक्षण किया। उन्होंने इस रिक्त भूमि पर बन रहे उद्यान के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि समीपस्थ क्षेत्र के निवासियों



को जल्द ही इसका लाभ मिल सके। जी.ई. रोड स्थित तारामंडल बाल उद्यान में शासन के निर्देशानुसार बन रहे अटल परिसर का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, पार्किंग स्थल पर पेविंग कार्य करवाने हेतु भी निर्देशित किया गया है। आयुक्त द्वारा कोसा नाला गौठान के समीप प्रस्तावित स्विमिंग पूल एवं हॉर्स राइडिंग स्थल का निरीक्षण किया गया। यह स्थल इस क्षेत्र में नए मनोरंजन एवं खेल सुविधाओं के विकास का केंद्र बनेगा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास परियोजनाओं को 'स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई' के लक्ष्य के अनुरूप तेजी और उच्च गुणवत्ता के साथ क्रियान्वित किया जाए।

# ट्रेड लाइसेंस शुल्क के विरोध में भिलाई चैंबर ने की कलेक्टर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



ट्रेड लाइसेंस शुल्क में बढ़ोतरी को लेकर भिलाई चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात। उन्होंने कहा कि नया शुल्क व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ बन गया है। चैंबर पदाधिकारियों ने बताया कि पहले से कई तरह के करों का भुगतान करने के बावजूद अब ट्रेड लाइसेंस शुल्क बढ़ने से छोटे व्यापारी भी मुश्किल में हैं।

प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि यह शुल्क व्यापार के लिए बाधा की तरह काम कर रहा है। चैंबर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने चेतावनी दी कि अतिरिक्त भार से उत्पाद महंगे होंगे और इसका असर सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। चेयरमेन दिनकर बासोतिया ने मांग रखी कि शुल्क में तुरंत राहत दी जाए और भविष्य में इसे समाप्त किया जाए, क्योंकि व्यापारी पहले ही गुमास्ता लाइसेंस के तहत रजिस्टर्ड हैं। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि चैंबर की बात राज्य सरकार के समक्ष रखी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में सुनील मिश्रा, चिन्ना राव, शिवराज शर्मा, विकास जयसवाल, मनोहर कृष्णानी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दिनेश बने एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन की ओर से 2 दिसंबर को 17 प्रकोष्ठ के संयोजकों एवं सह संयोजकों की नियुक्तियां की गई है। जिसमें भिलाई संगठन जिले के पूर्व मंडल में निवासरत दिनेश सिंह को गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक का दायित्व दिया गया है। दिनेश सिंह ने इस जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन महामंत्री पवन साय का आभार जताया है। इस नियुक्ति पर सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने बधाई दी है।

### निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

# स्कूल के पास नशीली सामग्री विक्रय करने पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत स्कूल परिसर में निर्माणाधीन भवन, स्कूल परिसर के समीप मादक पदार्थ विक्रय पर कार्यवाही सहित सुलभ शौचालय एवं नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ पेयजल का सेंपल का जांच का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता ने शारदा पारा के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में निर्माणाधीन नवीन भवन का निरीक्षण किये। स्कूली बच्चों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने निर्देशित किये



हैं। स्कूल परिसर के 100 मीटर के भीतर नशीली सामग्री का विक्रय करने वाले दुकानों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। नशीली सामग्री पाये जाने पर जप्ती की कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड लगाया गया। इसी के साथ सार्वजनिक सुलभ शौचालय एवं वार्ड के नालियों की साफ-सफाई कराने निर्देशित किया गया है। पेयजल व्यवस्था के लिए पाईप लाईन बिछाया गया है, एक स्थान पर पाईप लिकेज पाया गया, पीने के पानी का सेंपल लेकर लैब में जांच हेतु भेजवाया गया। सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त का सभी दुकान संचालको से अपील है कि स्कूल परिसर से 100 मीटर के भीतर किसी भी प्रकार का नशीले पदार्थ का विक्रय न करें। इस संबंध में कार्यवाही करने का अधिकारी स्कूल संस्थाओ को भी है। निगम द्वारा यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी दुकानदार के स्वयं की होगी।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129


02
ग्रामीणों और छात्राओं को कानूनी अधिकारों की दी गई जानकारी

## लाइव इवेंट

### त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन, 7 से 15 दिसंबर तक बहेगी आध्यात्म की धारा





**भिलाई।** 7 से 15 दिसबंर तक रिसाली में त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। बेमेतरा के पंडित भूपत नारायण शुक्ला के श्रीमुख से कथा का वाचन होगा। विष्णु पाठक, ललिता, शिवानी दीपक पाठक, गोपाचंद्र पाठक के सानिध्य में यह आयोजन वीआईपी नगर, फेस-2, शिव मंदिर के पास रिसाली में होगा। आयोजन की खास बात यह है कि इसमें अलग अलग राज्यों से संत व महंत अपनी उपस्थिति दे रहे हैं।

यह पहला मौका है जब भिलाई में छत्तीसगढ़ के साथ ही विभिन्न राज्यों के संत व महंत किसी कार्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं। त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान सप्ताह भर संतों व महंतों का आशीष भक्तों को मिलेगा। आयोजकों ने भारत के विभिन्न धार्मिक स्थलों से आने वाले गुरूजन, संत व महंतों के आगमन का अभिनंदन के साथ ही इ धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों के उपस्थित होने अपील भी की है।

#### इन संत व महंतों का हो रहा है आगमन

कार्यक्रम में पं. जितेन्द्र नाथ मिश्र गाजीपुर उत्तर प्रदेश, महंत अवधबिहारी दास सनातन धर्म परिषद् न्यास गोरखपुर यूपी, रामज्ञानी दास महात्यागी श्रीखेड़ी आश्रम गोंदिया महाराष्ट्र, डॉ. गोविन्द रामानुजाचार्य राष्ट्रीय धर्म प्रचारक सनातन धर्म परिषद् आंध्र प्रदेश, संत बृजराज दास राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवलोक अजोधापुर मुजफ्फरपुर बिहार, मंहत गोविंद दास बर्फाणी धाम राजनांदगांव, संत श्याम दाम राष्ट्रीय संगठन मंत्री टोपीकुंज वृंदावन मथुरा, आचार्य वेद प्रकाश प्रदेश अध्यक्ष सनातन धर्म परिषद् छग, सुरेन्द्र गौतम शास्त्री राष्ट्रीय संगठन मंत्री सनातन धर्म पुरोहित महासभा रायपुर, साध्वी प्रतीभा राष्ट्रीय संगठन मंत्री सनातन धर्म परिषद् महिला प्रकोष्ठ इन्दौर, स्वामी भगवान गिरी राष्ट्रीय संगठन मंत्री दक्षिण भारत, साध्वी डॉ. अनीता योगेश्वरी महाराज राष्ट्रीय संगठन मंत्री महिला प्रकोष्ठ, नागा सर्वेश्वर दास राष्ट्रीय संगठन मंत्री सनातन धर्म परिषद् अलवर, स्वामी सत्यानंद महाराज राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सनातन धर्म परिषद्, ईन्द्रपाल दास राष्ट्रीय संगठन मंत्री सनातन धर्म परिषद् गौ रक्षा वाहिनी, आचार्य शशि भूषण मोहंती सनातन धर्म गौ रक्षा वाहिनी, महंत श्याम दास नागा राष्ट्रीय संगठन मंत्री सनातन धर्म परिषद् अदिलापुर, स्वामी रमण गिरी राष्ट्रीय संगठन मंत्री सनातन धर्म परिषद् रायसेन, राघवेन्द्र दास राष्ट्रीय संगठन मंत्री गुना और महाराज छोटू पाण्डेय महाकाल आश्रम राजनांदगांव का आगमन हो रहा है।

## सिटी इवेंट

### पोषण योजनाओं का मिलेगा लाभ, बच्चों को दिया ग्रोथ चार्ट



**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ दुर्ग और पल्स हॉस्पिटल के तत्वाधान में शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोडिया के छात्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य-जांच, पोषण जागरूकता और निवारक देखभाल को बढ़ावा देना था। शिविर के दौरान 250 से अधिक छात्रों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई। डॉक्टरों ने बच्चों को पोषण की कमी, विकास से जुड़ी समस्याओं और अन्य स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बारे में विस्तृत परामर्श दिया। प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क मल्टीविटामिन दिए गए, क्योंकि आर्थिक रूप से कमजोर समुदायों के छात्रों में दैनिक आहार में पोषक तत्वों की कमी पाई गई। जिन बच्चों में विशिष्ट पोषण घटी या अन्य समस्याएं मिलीं, उन्हें जरूरी दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। दीर्घकालिक स्वास्थ्य निगरानी रखने के लिए प्रत्येक बच्चे को एक ग्रोथ चार्ट प्रदान किया गया, जिसमें उनकी वर्तमान वृद्धि की तुलना उनकी आयु के अनुरूप अपेक्षित वृद्धि से की गई। जिन बच्चों का विकास स्तर अपेक्षित सीमा से कम पाया गया, उन्हें कुपोषित की श्रेणी में रखा गया। इन बच्चों की सूची विद्यालय प्रबंधन को दी गई, जिसे संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रेषित किया जाएगा, ताकि राज्य सरकार की पोषण योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके। यह ग्रोथ चार्ट आगामी मूल्यांकन और प्रगति की निगरानी के लिए एक महत्वपूर्ण आधार दस्तावेज होगा।

#### बच्चों के हित में कार्य जारी

इस शिविर में डॉ. सत्येन ग्यानी, डॉ. प्रभाकर मिश्रा और डॉ. रॉबर्ट पॉल ने अपनी विशेषज्ञता और सेवाएं दी। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन पंकज कोठारी ने बताया कि विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य हित में इस शिविर के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। क्लब के सचिव रोटेरियन राहुल भंडारी ने बताया कि, क्लब के कई सदस्य भिलाई राउंड टेबल से भी जुड़े हैं, जो फ्रीडम थ्रू एजुकेशन पहल के तहत वंचित बच्चों के लिए सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। इसी पहल के अंतर्गत बच्चों को बेहतर शिक्षण का वातावरण प्रदान करने कोडिया के इस प्राथमिक विद्यालय में भी 5 कक्षाओं का निर्माण किया जा चुका है।

## महोत्सव के अंतिम दिन आज भंडारा और निकलेगी साई बाबा की भव्य शोभायात्रा

# सांई महोत्सव में बिखरी सांस्कृतिक छटा, प्रतिभागियों ने रंगोली के जरिए उकेरी प्रतिभा, आज निकलेगी पालकी यात्रा

कसारीडीह सिविल लाइन में सांई बाबा मंदिर में तीन दिवसीय 49वें वार्षिक साई महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को दर्शन के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे। श्री सांई भजन मंडली और सांई सत्संग महिला मानस मंडली कसारीडीह द्वारा भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। भजनों की धुन में नाच गाकर श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट करते रहे, जिससे मंदिर में श्रद्धा भक्ति का अद्भुत माहौल बना। दर्शन के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि भी मंदिर पहुंचे। उन्होंने श्री साई बाबा से प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की। दोपहर बाद पूजा की थाली और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों द्वारा श्रीराम के प्रसंग, पर्यावरण, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ और अन्य संदेशवाहक रंगोलिया आकर्षण का केंद्र रहे।



**दुर्ग।** यह प्रतियोगिता शिवाकांत तिवारी और प्रीति राजपूत के मार्गदर्शन व संध्या साहू, तृप्ति राऊत, गिरजा कोशरे, गुनगुन राऊत, मेधा चंदेल के सहयोग से आयोजित किए गए। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. रोहिणी पाटणकर, जयंत खिरोड़कर, मनीष ताम्रकार, श्वेता तिवारी, लता तिवारी, रजनी सिंह रहे। साई महोत्सव में आयोजित मेहंदी, ड्राइंग, पूजा की थाली सजाओ और रंगोली प्रतियोगिता के परिणाम 11 दिसंबर को शाम 7 बजे मंदिर परिसर में घोषित किए जाएंगे और विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। साई महोत्सव के अंतिम दिन 4 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक भंडारा (महाप्रसादी) का आयोजन किया गया है। शाम 7 बजे श्री साई बाबा की भव्य शोभायात्रा (पालकी) निकाली जाएगी। साई महोत्सव में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम मची हुई है।







#### हर दिन पहुंच रहे हजारों भक्तों

महोत्सव के पहले दिन छत्तीसगढ़ के मशहूर कॉमेडियन पप्पू चंद्राकर साकरा, बालोद द्वारा निर्देशित छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम पप्पू गम्मतिहा के कलाकारों ने श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। विशेष अतिथि के रूप में सुराना कॉलेज वार्ड की पार्षद सरिता विनोद चंद्राकर व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा सिंह का सम्मान किया गया और उनकी उपलब्धि की सराहना की गई। समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, शिवाकांत तिवारी, कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता, सह सचिव संतोष यदु, प्रचार सचिव सुरेश साहू, अजय सुरपाम, कार्यकारिणी सदस्य संतोष खिरोड़कर, विनय चंद्राकर, गणेश निर्मलकर, संजय लाखे, राकेश सेन, सदस्य रोमनाथ साहू, मुरलीधर राऊत सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# बच्चों ने नाटक प्रस्तुत कर दिखाया सुरक्षा पखवाड़ा, लगाई मॉडल प्रदर्शनी





**भिलाई।** नंदिनी चूनापत्थर खान भिलाई इस्पात संयंत्र परिसर में 41वां वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा, खान सुरक्षा महानिदेशालय, क्षेत्र–1, 2 एवं रायगढ़ क्षेत्र के तत्वावधान में मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य खदान क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित कार्य-संस्कृति को सुदृढ़ करना रहा।

समारोह की शुरुआत निरीक्षण दल के कन्वेनर मनमोहन सिंह द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराने तथा सभी उपस्थित जनों को सुरक्षा शपथ दिलाने के साथ हुई। सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता, बच्चों द्वारा नाटक प्रस्तुति, निबंध, मॉडल प्रदर्शनी तथा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सुरक्षा अवधारणाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने खदान सुरक्षा नियमों, जोखिम प्रबंधन तथा आधुनिक सुरक्षा तकनीकों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए सुरक्षित खान संचालन की आवश्यकता पर जोर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए खान प्रबंधक संतोष कुमार खंडे ने कहा कि खदान क्षेत्र में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी कर्मियों की सजगता और अनुशासित कार्यप्रणाली दुर्घटनाओं में कमी लाने का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि हमारी कार्य-संस्कृति का अभिन्न अंग है। कार्यक्रम की रूपरेखा मुख्य महाप्रबंधक चिंतला श्रीकांत द्वारा तैयार की गई थी। इस अवसर पर एस. जामुलकर, ओमेन टेटे, सुरक्षा अधिकारी अजय चतुर्वेदी, अलंकार भिवगड़े, संजय कुमार, म्रिनालेश साहा सहित नंदिनी खान के सभी अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन पदाधिकारी, डी.ए.वी. स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक सहित अन्य उपस्थित थे। नंदिनी खान प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों, यूनियन प्रतिनिधियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# जामुल पहुंचेंगे देशभर के कबड्डी खिलाड़ी, दो दिवसीय आयोजन 13 से

**भिलाई।** दो दिवसीय ओपन कब्बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन मां महामाया युवा संगठन जामुल द्वारा आयोजित की गई है। संयोजक व जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि 13 से 14 दिसंबर को शिवपुरी जामुल में महिला पुरुष के लिए कब्बड़ी प्रतियोगिता होना है।

इसमें पुरुष को प्रथम पुरस्कर के रुपए 51 हजार नगद,, ट्राफी, द्वितीय 31 हजार नगद व ट्राफी, तृतीय 15 हजार नगद व ट्राफी, चतुर्थ 15 हजार नगद व ट्राफी दिया जाएगा। वहीं महिला खिलाड़ियों को जितने पर परथम पुरस्तर 31 हजार नगद व ट्राफी,द्वितीय 21 हजार नगद व ट्राफी , तृत्तीय 10 हजार नगद व ट्राफी , चतुर्थ 10 हजार नगद व ट्राफी दिया जाएगा। इसके अलावा प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरिज, बेस्ट रेडर, डिफेंडर खिलाड़ियों को दिया लजाएगा। जिसका प्रवेश शुल्क 551 रुपए होगा। प्रतियोगिता दोपहर 12 बजे से शुरु हो जाएगा।





प्रो कब्बड़ी के नियम से सभी मैच खेले जाएगें। संयोजक ठाकुर ने बताया कि हिस्सा लेने अब तक 30 से अधिक टीमों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी छत्तीसगढ़ समेत दिगर राज्यों से भी पहुंच रहे है। जिसमें दिल्ली, मुंबई, हरियाणा, नागपुर, उड़िसा, नोएडा, जबलपुर, जारखंड, उज्जैन, बेमेतरा आदि के खिलाड़ी शामिल हो रहें है।

## बढ़ते हुए साइबर अपराधों के कारण , प्रभाव और बचाव पर हुई कार्यशाला

कार्नर न्यूज

# पुलिस के फुल फॉर्म से साइबर फ्रॉड से बचने दी जानकारी डिजिटल अरेस्ट पर इमरजेंसी नंबर 1930 करें डॉयल

भिलाई। शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में राष्ट्रीय सेवा योजना समिति के तत्वावधान में सायबर अपराध और उससे बचाव के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग पुलिस के सायबर उप निरीक्षक डॉ संकल्प राय द्वारा विद्यार्थियों को फ्राड से खुद को बचाने और दूसरों को जागरुक करने सहित डिजिटल अरेस्ट की कई महत्वपूर्ण टिप्स दिये। पुलिस के फुल फॉर्म के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने का उपाय बताते हुए इमरजेंसी नंबर 1930 पर डॉयल करने की जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा विषय पर दुर्ग पुलिस के उप निरीक्षक डॉ संकल्प राय द्वारा विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।



#### बढ़ती इंस्टेंट मार्केटिंग दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार

डॉ राय ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के लिए बढ़ती इंस्टेंट मार्केटिंग और शॉपिंग को भी जिम्मेदार ठहराया। महाविद्यालय की प्राचार्य डा शिखा अग्रवाल ने बढ़ते साइबर अपराधों के लिए विद्यार्थियों को नई तकनीक की जानकारी के साथ



उसका सावधानी पूर्वक प्रयोग की सलाह दी। राष्ट्रीय सेवा योजन प्रभारी ने लोगों को छोटी छोटी जानकारियों से स्वयं को अपडेट रहने की सलाह दी। कार्यशाला के दौरान कार्यक्रम अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी ध्यान पूर्वक सायबर अपराध का जानकारी ली।

#### पढ़े-लिखे लोग भी कर रहे गलती, इमरजेंसी नंबर करें डॉयल

साइबर श्रेणी के विभिन्न अपराधों को समझाते हुए डॉ राय ने बताया कि किस प्रकार थोड़े से लालच में आकर लोग वित्तीय और चरित्र का नुकसान उठा लेते हैं। पुलिस के फुल फॉर्म के माध्यम से उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने का उपाय बताया। जिसमें पी से पासवर्ड, ओ से ओटीपी, एल से लिंक शेयर ना करें, आई से अपनी आइडेंटिटी सुरक्षित रखें, सी से अनजाने लोगों से चैट ना करे और ई से इमरजेंसी नंबर 1930 को हमेशा ध्यान रखें। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल अरेस्ट, डीप फेक के द्वारा किए जाने वाले नए तरीकों से अवगत कराया। जिसके माध्यम से भोले भाले लोगों के साथ अच्छे पढ़े लिखे लोग भी गलतियां कर रहे हैं और अपराधियों को इस अज्ञानता के कारण बढ़ावा मिल रहा है।

सिटी इवेंट

## महायज्ञ में ऊर्जा, अनुशासन और श्रद्धा का दिखा अद्भुत संगम




**दुर्ग।** बोरसी में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित आयोजित पांच कुण्डी गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के समापन अवसर पर ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मां गायत्री की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर गायत्री परिवार के अनेक परिजन एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा, अनुशासन और श्रृद्धा का संचार करता है। इस तरह के आयोजनों से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में आध्यात्मिक ऊर्जा, अनुशासन और श्रृद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने वातावरण को पूर्णतः दिव्य बना दिया।

- बोरसी में पांच कुण्डी गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का समापन



सिटी लाइव

## कबड्डी विश्व कप की खिलाड़ी संजू देवी का किया सम्मान



**भिलाई।** ढाका और श्रीलंका में हुए द्वितीय महिला कबड्डी विश्व कप 2025 में इतिहास रचने वाली भारतीय टीम की स्टार खिलाड़ी संजू देवी का सम्मान एच.टी.सी. कार्यालय में किया गया। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के संरक्षक इंद्रजीत सिंह छोटू ने उन्हें पुष्पगुच्छ और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। संजू देवी ने टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाकर मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का खिताब जीता। उन्होंने न सिर्फ टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई, बल्कि छत्तीसगढ़ और देश का नाम भी रोशन किया। इंद्रजीत सिंह 'छोटू' ने कहा कि संजू देवी मेहनत, साहस और लगन का मजबूत उदाहरण हैं और उनकी उपलब्धि आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करेगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, मलकीत सिंह, अनिल चौधरी, जोगा राव, निर्मल सिंह निम्मे, साजिद अंसारी, इंद्रजीत सिंह चिंटू, रमन राव, शहनवाज कुरैशी, डॉ. हरजिंदर सिंह और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

- छत्तीसगढ़ की बेटी बनी देश का गर्व : इंद्रजीत सिंह

सिटी इवेंट

## 5 ट्रायसायकल, 10 श्रवण यंत्र और व्हील चेयर दिव्यांगों को किया वितरित



**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर 03 दिसम्बर 2025 को लायंस चैरिटेबल ट्रस्ट, प्रयास श्रवण बाधित दिव्यांग विद्यालय, सुपेला भिलाई में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान एवं सकारात्मक वातावरण निर्मित करने हेतु अध्ययनरत दिव्यांग छात्र, छात्राओं एवं जिले से आये अन्य दिव्यांग हितग्राहियों को सम्मिलित किया गया। कार्यक्रम भगवानदास अग्रवाल, विपिन बंसल, लायंस क्लब, चैरिटेबल ट्रस्ट समिति, अंजुम अली, अल मदद एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी भिलाई तथा डॉ. अमरीन, डॉ. संजय गुप्ता, शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक एपी गौतम एवं अतिथियों द्वारा उपस्थित छात्र, छात्राओं को उनकी स्वालंबन जीवन एवं जीवन में कभी हार न मानने के प्रेरणा स्वरुप उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर अल मदद एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी एवं शंकराचार्य कॉलेज से उपस्थित 30 डॉक्टरों द्वारा सभी दिव्यांग छात्र/छात्राओं का जनरल मेडिकल चेकअप किया जाकर उचित परामर्श एवं मेडिसिन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 250 छात्र, छात्राएं व अन्य दिव्यांगजन तथा समाज कल्याण विभाग दुर्ग एवं प्रयास दिव्यांग विद्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समाज कल्याण विभाग द्वारा चिन्हांकित दिव्यांगजनों को 05 सामान्य ट्रायसायकल, 10 श्रवण यंत्र, 05 व्हील चेयर एवं 01 बैसाखी उपकरण का वितरण किया गया।

---

● आयोजन के दौरान गोंडवाना भवन दुर्ग में डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य संबंधित परीक्षण किया गया

# सुयोग्य जीवनसाथी चुनने 350 युवक-युवतियों ने दिया अपना परिचय, युवाओं ने किया रक्तदान

**दुर्ग।** दुर्ग जिला साहू संघ के तत्वावधान में गोंडवाना भवन दुर्ग में 34 वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा सामाजिक ध्वजारोहण एवं साहू समाज के आराध्य देवी माता कर्मा की आरती कर शुभारम्भ किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत जिला साहू संघ के अध्यक्ष श्री नंदलाल साहू के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों द्वारा किया गया। स्वागत पश्चात अतिथियों द्वारा मांगलिक पत्रिका 'परिचायिका' का विमोचन किया गया। जिसमे जिसमें साहू समाज पंजीकृत 1001 विवाह योग्य युवक-युवतियों का नाम, फोटो एवं बायोडाटा प्रकाशित किया गया है । लगभग 350 विवाहयोग्य युवक युवती प्रतिभागियों द्वारा अपना परिचय मंच के माध्यम से भी दिया गया। जिसमे प्रतिभागियों द्वारा अपना परिचय, शिक्षा एवं अपने विचार बताए कि किस तरह उनको जीवन साथी की तलाश है। कुछ प्रतिभागियों द्वारा आदर्श विवाह की भी बात कही गयी जिसमे धन का अपव्यय एवं दहेज प्रथा बंद हो कुछ युवतियों ने कहा कि जीवन साथी ऐसा हो जो किसी भी तरह के नशे का सेवन न करता हो। विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जैसे डॉक्टर,इंजीनियर, शिक्षक, सरकारी पदों में कार्यरत प्रतिभागियों ने मंच में अपना परिचय दिया। एवं साथ ही साथ बहुत से परिवार के अभिभावकों द्वारा एक दूसरे से मुलाकात कर रिश्ता तय करने के लिए प्रकिया प्रारंभ किया गया। इसके लिए एक अलग पंडाल बनाया गया था जिसमे अलग से बैठकर अभिभावकों द्वारा आपस मे चर्चा कर सके। प्रतिवर्ष देखा गया है कई रिश्ते परिचय सम्मेलन में ही तय हो जाते है। एवं पत्रिका के माध्यम से अनोको रिश्ते तय होते है जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने अपने स्वागत भाषण में कहा की युवक युवती परिचय सम्मेलन का जनक साहू समाज है पत्रिका के माध्यम से अनेक रिस्ते गत वर्ष तय हुए पीएससी परीक्षा में 116 लोगो को निशुल्क जिला साहू संघ द्वारा दिया गया जिसमें 10 लोग सफल हुए हैं एवं साथ ही सिलाई कड़ाई एवं ब्यूटी पार्लर परिशिक्षण से महिलाये आत्मनिर्भर बनी जिससे आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुई है।हनोदा में 2. 32 एकड़ जमीन शासन द्वारा अलॉट हुआ है जिसमे 5 करोड़ लागत से भवन बनना है सभी के सहयोग से ही सम्भव है।



### मांगलिक पत्रिका 'परिचायिका' का विमोचन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, छत्तीसगढ़ शासन ने कहा जो नियमावली का पहले निर्माण किये थे उस का पालन होता आया है लेकिन अब निर्माण धीरे धीरे गिरावट आया है सामाजिक चुनाव प्रकरण कोर्ट में गया।




लेकिन सभी वरिष्ठ लोग सभी मिलकर प्रदेश चुनाव निर्विरोध संपन्न कराए ये बड़ी उपलब्धि है। नियमावली में समय के अनुसार परिवर्तन जरूरी है। नियमावली सभी पढ़े और कहा क्या कमी है क्या परिवर्तन करना है वो सुझाव पदाधिकारियो को जरूर दे। अंतरजातीय विवाह प्रकरण बहुतायत हो रहा है ये गंभीर चिंतन का विषय है इसपर समाज पर गहरा असर पड़ रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारा में बेटा पढ़ाओ भी जोड़ना पड़ेगा क्योंकि आजकल बेटियां ज्यादा पढ़ी लिखी है। समाज के संगठन चुनाव में जो खर्चे हो रहे है वो बहुत गंभीर समस्या है। वो नही होना चाहिए संगठन में अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने कहा 1961 से पंजीयन और नियमली बना और ऐसे रीति नीति में चलना है और सभी को नियमावली से चलना चाहिए। सभी को चिंतन करना है कि एक अच्छे वातावरण नई पीढी तैयार करना है। हमारे पीढ़ी ने चिंता किया कि कैसे आगे बढ़ना है। सभी समाज के रीति नीति से जुड़े ताकि आने वाले पीढ़ी को अच्छे संस्कार एवं भविष्य दे सके। अति विशिष्ट अतिथि जागेश्वर साहू, पूर्व केबिनेट मंत्री मप्र शासन, रामशिला साहू, पूर्व कैबिनेट मंत्री महिला बाल विकास मंत्री, जितेंद्र साहू, तेल घानी विकास बोर्ड अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प विकास बोर्ड छ. ग. शासन राजेन्द्र साहू पूर्व अध्यक्ष दुर्ग जिला कॉपरेटिव बैंक इन सभी ने संबोधित किया।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर उपस्थित जिला साहू संघ के सलाहकार रमेश साहू, भीखम साहू, लखन साहू, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, रागिनी साहू, मंजू साहू, मीडिया प्रभारी राकेश साहू, संगठन सचिव लालसिंग साहू, शोभा साहू, समन्वयक यतीश साहू, कार्यलय प्रभारी सुनील साहू, संयोजक न्याय प्रकोष्ठ टीका राम साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका देवीश्री, युवा प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश साहू, संयोजक विधि प्रकोष्ठ पी आर सर्वा,प्रभारी न्याय प्रकोष्ठ जे पी साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक अजय चौधरी, सहसंयोजक देवेंद्र साहू, कार्यालय सचिव चंद्रकांत साहू, शहर तहसील अध्यक्ष पोषण साहू, ग्रामीण अध्यक्ष पुसउ राम साहू, पाटन तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, धमधा तहसील अध्यक्ष श्याम लाल साहू, नवीन साहू, कुंदन साहू, कुलदीप साहू, ललन साहू एवं समाज के गणमान्य नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित थे। मंच संचालन महासचिव राकेश साहू एवं दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष द्वारा किया गया एवं आभार दिव्या कलिहारी ने किया। उपरोक्त जानकारी जिला साहू संघ के मीडिया प्रभारी राकेश साहू ने दिया।

---

जागो ग्राहक जागो का दिया संदेश

# ग्रामीणों और छात्राओं को कानूनी अधिकारों की दी गई जानकारी



**दुर्ग।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग दुर्ग द्वारा जिले में उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आयोग ने तहसील पाटन के ग्राम ढौर और भिलाई के सुपेला स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों और छात्राओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019, ई-फाइलिंग और ई-हियरिंग जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। स्कूल की छात्राओं और ग्रामीणों ने उपभोक्ता अधिकारों से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने विस्तार से दिया। तहसील पाटन के ग्राम पंचायत भवन ढौर में अधिवक्ता नागेंद्र शर्मा के सहयोग से उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष संतोष कुमार, सदस्य संध्या बाजपेयी और डाटा ऑपरेटर संजय पाठक विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच मेघा ठाकुर, राजकुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रतिभागी शामिल हुए। आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि एक उपभोक्ता के रूप में उन्हें सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण वस्तु व सेवा प्राप्त करने का पूर्ण अधिकार है।

### मुख्य बिंदु जिन पर की गई चर्चा

शिविर में अनुचित व्यापार व्यवहार, ओवर बिलिंग और भ्रामक विज्ञापनों से कैसे बचें। किराना, इलेक्ट्रॉनिक सामान, दवाई, बैंकिंग, बीमा, स्वास्थ्य सेवा और ऑनलाइन शॉपिंग में होने वाली लापरवाही पर चर्चा की गई। उपभोक्ताओं को बताया गया कि वे अब ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से घर बैठे शिकायत दर्ज ई-फाइलिंग कर सकते हैं और सुनवाई ई-हियरिंग में भी शामिल हो सकते हैं। वहीं जागरूकता अभियान का दूसरा चरण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सुपेला में आयोजित किया गया, जिसमें किरण पाठक का विशेष योगदान रहा। यहाँ 11वीं और 12वीं कक्षा की छात्राओं को उपभोक्ता अधिकारों और कानूनी न्याय संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आयोग के अध्यक्ष श्री संतोष कुमार जी और सदस्य श्रीमती संध्या बाजपेयी ने छात्राओं को बताया कि यदि किसी सेवा या वस्तु में कमी पाई जाती है, तो वे वाद कारण उत्पन्न होने के 2 वर्ष के भीतर आयोग के समक्ष अपना परिवाद दायर कर सकती हैं।

अनोखा कार्यक्रम

# किन्डरजॉय और भिलाई पॉप-अप का आयोजन 10 से

**भिलाई।** भिलाई राउंड टेबल द्वारा किन्डरजॉय सीजन 9 एवं भिलाई पॉप-अप सीजन 2 का आयोजन 10, 11 एवं 12 जनवरी को पृथ्वी पैलेस, शिवनाथ नदी रोड दुर्ग में किया गया है।

उल्लेखनीय है कि किन्डरजॉय 5 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए और बच्चों द्वारा आयोजित एक अनोखा कार्यक्रम है, जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा, कल्पनाशक्ति और उद्यमशीलता का प्रदर्शन करते हैं। इस आयोजन के माध्यम से बच्चे न केवल स्टॉल चलाना सीखते हैं, बल्कि निर्णय लेना, टीम का नेतृत्व करना, ग्राहकों से संवाद करना, वास्तविक कारोबारी कौशल अपनाना, आत्मविश्वास और रचनात्मकता विकसित करना भी सीखते हैं। इस दौरान बच्चे आकर्षक खेलों और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ अपने अनोखे स्टॉल्स भी लगाएंगे। भिलाई पॉप-अप एक प्रमुख लाइफस्टाइल एग्ज़िबिशन है जिसमें प्रदेश भर से ब्रांड्स, स्टार्टअप्स और उद्यमी अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। इच्छुक लोग भिलाई राउंड टेबल से संपर्क कर अपना स्टॉल बुक कर सकते हैं। कार्यक्रम में परिवारों के लिए म्यूज़िक, मनोरंजन, स्वादिष्ट भोजन और शॉपिंग का बेहतरीन अनुभव उपलब्ध रहेगा। इस तीन दिवसीय आयोजन से प्राप्त संपूर्ण राशि नारधा स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला में 8 कक्षाओं के निर्माण हेतु उपयोग की जाएगी। भिलाई राउंड टेबल ने इससे पूर्व भी बिरेभात, कोडिया, समोदा, कोसा नगर, बापू नगर, भसीन, ननखट्टी, धौर और बोरी सहित कई स्कूलों में कुल 48 कक्षाओं का निर्माण एवं शौचालय ब्लॉक्स का निर्माण किया है। इसके अलावा संस्था समय-समय पर बच्चों हेतु भोजन के बर्तन, जूते, मफलर और जल फिल्टर जैसी आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराती रही है। अब तक भिलाई राउंड टेबल द्वारा शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में लगभग 2 करोड़ का योगदान दिया जा चुका है।

- भिलाई राउंड टेबल का तीन दिवसीय आयोजन

---

गीता जयंती पर संगोष्ठी में वरिष्ठों के साथ साहित्य पर हुई चर्चा

# साहित्य चर्चा-बुजुर्गों के संग-भागवतगीता विश्व साहित्य का अनुपम और श्रेष्ठ ग्रंथ, जो हर संकट में मनुष्य को सही मार्ग दिखाती है

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** गीता जयंती के अवसर पर भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ द्वारा सियान सदन वैशाली नगर में साहित्य चर्चा बुजुर्गों के संग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान साहित्य की महत्ता और समाज में वरिष्ठों के अनुभव और ज्ञान-संपदा पर सारगर्भित चर्चा की गई। कार्यक्रम शिक्षाविद् आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा और घनश्याम कुमार देवांगन प्रमुख रुप से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भागवतगीता विश्व साहित्य का अनुपम एवं श्रेष्ठ ग्रंथ है, जो हर संकट में मनुष्य को सही मार्ग दिखाती है। साहित्य किताबों में ही सीमित न रहे, उसे पाठकों तक पहुंचाना ही इसकी सार्थकता है।



### साहित्य केवल पढ़ा ही नहीं, बल्कि जीया भी जाता है

इस अवसर पर डॉ. महेशचंद्र ने कहा कि साहित्य व्यक्ति के विचारों, संवेदनाओं और जीवन-दृष्टि को समृद्ध करता है। उन्होंने कहा कि भगवतगीता विश्व साहित्य का अनुपम एवं श्रेष्ठ ग्रंथ है, जो हर संकट में मनुष्य को सही मार्ग दिखाती है। बुजुर्गों के अनुभव जब साहित्य से जुड़ते हैं, तो नई पीढ़ी के लिए यह प्रेरणा और मार्गदर्शन का उज्ज्वल स्रोत बन जाता है। साहित्य केवल पढ़ा नहीं जाता बल्कि जिया भी जाता है और बुजुर्गो का जीवन इसके श्रेष्ठ उदाहरण हैं।



### सभी पुस्तकें पढ़ने की आदत डालें

भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने कहा कि साहित्य चर्चा–बुजुर्गों के संग संगोष्ठी परंपरा, अनुभव और साहित्यिक संवाद का अनूठा संगम है। साहित्य किताबों में ही सीमित न रहे, उसे पाठकों तक पहुंचाना ही इसकी सार्थकता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को पुस्तकें पढ़ने की आदत डालना चाहिए। शुरुआत में गायक जोसफ, दिनेश मिश्रा और दिनेश गुप्ता ने अपनी सुमधुर गीतों से समां बांधा। कार्यक्रम के दौरान साहित्यकार डॉ. महेश चंद्र शर्मा ने अपनी 5 स्वलिखित पुस्तकों का सेट वरिष्ठ जनों के लिए वैशाली नगर सियान सदन के पुस्तकालय को भेंट किया। सियान सदन वैशाली नगर में हर शनिवार को सुंदर काण्ड पाठ का नियमित आयोजन लंबे समय से जारी रखने के लिए चन्द्रभान दिन्डे का महासंघ द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ रामायण मिश्रा, चन्द्रभान दिन्डे, आर. एस. प्रसाद, गंगा चरण पुरोहित ने भी गीतों, कविताओं एवं संस्मरणों के माध्यम से अपने जीवन की शिक्षाओं को साझा किया और साहित्य की महत्ता को बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक महासंघ के पदाधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता, दिनेश प्रसाद मिश्रा, शिवप्रसाद साहू, राधेश्याम प्रसाद, गंगाचरण पुरोहित, दिगंबर करमटकर, सुरेश चन्द्र जैन सहित वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### नेशनल ओपन कबड्डी के रजत पदक विजेताओं को किया सम्मानित



रायपुर। 35 वीं राष्ट्रीय सब जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप मे रजत पदक विजेता छत्तीसगढ़ बालक दल ने उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव से सौजन्य भेंट की। श्री साव ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा नगद 1 लाख 60 हजार रुपये की राशि भी विजेता खिलाड़ियों को प्रदान की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल एवं सेवा राम साहू कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ उपस्थित थे।

### क्रिकेट में संयुक्त टीम की 5 विकेट से जीत



भिलाई। गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वावधान में कल्याण कॉलेज ग्राउंड में आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को रोमांचक मुकाबले हुए। आयोजक विराज चौहान ने बताया कि टीम पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब विरुद्ध गोविंद चौहान क्रिकेट क्लब एवं एनसीए की संयुक्त टीम के मुकाबले में संयुक्त टीम ने 5 विकेट से जीत लिया। संयुक्त टीम के कप्तान हिमेश कुमार प्लेयर ऑफ द मैच रहे। बल्लेबाजी में पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब ने नौ विकेट पर 191 रन बनाए। तन्मय जैन ने 39 रन, कप्तान मोहम्मद अयान ने 33 रन और आदित्य कनौजिया ने 21 रन बनाए। संयुक्त टीम की ओर से हिमेश कुमार ने तीन विकेट, कृतिवास चौहान एवं ऋषिक ने दो-दो विकेट और ऐश्वर्य कुर्रे एवं हंसराज साहू ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में संयुक्त टीम ने पांच विकेट पर 194 रन बनाए। आयुष यादव ने 74 रन, नीलांजल ने 55 रन, आदर्श निषाद ने नॉट आउट 21 रन और सौरभ सोम ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब के ए देवांग ने दो विकेट तथा साहित्य, सोहम सिंह एवं तन्मय जैन ने एक-एक विकेट लिए। संयुक्त टीम के कोच मोहम्मद आरिफ खान एवं पद्मनापुर क्रिकेट क्लब के कोच मनोज शुक्ला थे। इस मैच के अंपायर पीयूष साहू एवं नुगेश्वर डहरिया तथा स्कोरर विनोद देवघरे थे।

### भिलाई के युवाओं ने श्रीलंका में जीता गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल



भिलाई। इस्पात नगरी भिलाई के उभरते पावरलिफ्टिंग खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर शहर का नाम रोशन किया है। कोलंबो, श्रीलंका में हाल ही में आयोजित वर्ल्ड इनविटेशन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का गौरव बढ़ाया। 77 किलोग्राम वेट कैटेगरी में देवेंद्र वर्मा ने स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर देश का मान बढ़ाया। इसके साथ ही उन्होंने ओवरऑल कैटेगरी में स्ट्रांग मैन का खिताब भी अपने नाम किया। इसके अलावा, 66 किलोग्राम वेट कैटेगरी में ओमन सिंह ठाकुर ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। दोनों खिलाड़ी इससे पहले भी कई राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। उनके प्रशिक्षक श्रीनिवास साहू ने बताया कि दोनों खिलाड़ी पिछले तीन वर्षों से लगातार प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। देवेंद्र वर्मा और ओमन सिंह ठाकुर दोनों ही खुर्सीपार स्थित स्ट्रेंथ क्लब में अभ्यास करते हैं।

### रेफरी गौस होंगे वालीबॉल चैंपियनशिप में निर्णायक



रायपुर। सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा 75 वीं अंतर सर्विसेज वालीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 5 दिसंबर सिकंदराबाद (तेलंगाना ) में किया जा रहा है। जिसमें सर्विसेज के अंतर्गत इंडियन नेवी, इंडियन फोर्स एवं इंडियन आर्मी के टीमें भाग ले रही है। वालीबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा इस चैंपियनशिप के सफल संचालन हेतु भारत से दो रेफरी को नियुक्त किया गया है जिसमें सरगुजा संभाग के एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल रेफरी सूरजपुर जिले के मोहम्मद गौस बेग शामिल है। ज्ञात हो कि गौस बेग को अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ऑफिशियटिंग करने का खासा अनुभव प्राप्त है। इस चैंपियनशिप में इंडियन सर्विसेज टीम का गठन किया जाता है। भारत की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में निर्णायक हेतु अंतर्राष्ट्रीय रेफरी गौस बेग के चयन होने पर छत्तीसगढ़ वालीबाल संघ के प्रमुख मोहम्मद अकरम खान, सचिव हेम प्रकाश नायक, छत्तीसगढ़ रेफरीज बोर्ड के चेयरमैन विनोद नायर ने हर्ष जताया है।

### थोड़ी सी लापरवाही बिगाड़ सकती है आपकी तबीयत

# पार्टियों के दौर में डायबिटीज-हार्ट के मरीज बरतें सावधानी, खुशियों को न लगने दें ग्रहण

इन दिनों मौका पार्टियों का है। पुराने साल की विदाई के बाद साल के आगमन की खुशियां मनाने कहीं तैयारी चल रही है तो कहीं पार्टियां हो रही हैं। फिर लगातार शादियां भी चल रही हैं। जाहिर है ऐसे माहौल में लोग पार्टियों और जश्न में डूबे रहते हैं। पुराने साल की विदाई और नए साल के स्वागत को लेकर हर तरफ तैयारियां जोरो-शोरों पर हैं। हर तरफ पार्टी का माहौल होना ही है, गीत-संगीत और जश्न के इस मौके का हम सभी को इंतजार रहता है। पर ध्यान रहे, जश्न और उत्साह में हमारी सेहत से कोई समझौता न होने पाए। पार्टियों के दौरान सेहत का पूरा ध्यान रखा जाना जरूरी है, विशेषतौर पर यदि आपको डायबिटीज या हार्ट की समस्या है तो और भी अलर्ट रहने की आवश्यकता है। पार्टियों में डीजे की तेज आवाज, तेल-मसाले वाला खान-पान आपकी सेहत को बिगाड़ सकता है। इसके अलावा इन दिनों कोरोना का जोखिम बढ़ रहा है जिसको लेकर भी सभी लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है।



### आइए जानते हैं कि पार्टियों-जश्न के दौरान सेहत का कैसे ख्याल रखें?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, देश में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन1 के कारण संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। रविवार के आंकड़ों के मुताबिक देश में लोगों में संक्रमण देखा गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि पार्टियों में एकत्रित होने वाली भीड़ से कोरोना के प्रसार का खतरा हो सकता है, इसलिए संक्रमण से बचाव के लिए पार्टी में मास्क जरूर पहनें, संभव हो तो एक दूसरे से उचित दूरी बनाकर रखें।

### डायबिटीज रोगियों के लिए सावधानी



पार्टियों में गड़बड़ खान-पान के कारण ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा रहता है, इसके अलावा इन दिनों ठंड भी बढ़ी है जिसका भी आपके शुगर लेवल पर नकारात्मक असर हो सकता है, इसलिए जरूरी है कि आप खान-पान को लेकर सावधान रहें। ज्यादा तेल-भुने मसालेदार चीजों को खाने से बचें। मीठे पेय, कोल्ड ड्रिंक्स और मिठाइयां भी शुगर बढ़ा सकती हैं, इनका सेवन कम से कम करें। डायबिटीज रोगियों में कोरोना संक्रमण की स्थिति में रोग के गंभीर रूप लेने का खतरा हो सकता है, इसलिए कोरोना से बचाव जरूरी है।

### हृदय रोगी रहें सावधान

पार्टियों में बजने वाले तेज साउंड की आवाज आपकी हृदय गति को बढ़ा सकती है, जिससे हृदय की गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है। इसके अलावा गड़बड़



खान-पान से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल में भी बढ़ोतरी का जोखिम हो सकता है, ये हार्ट के लिए बहुत समस्याकारक है। हृदय रोगियों को पार्टियों में जाने से बचना चाहिए, अगर आप जा रहे हैं तो सेहत का विशेष ध्यान रखें।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, नए साल के स्वागत में सेहत का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। खूब मौज-मस्ती करें, साल 2024 को खुशियों के साथ अलविदा कहकर नए साल 2025का इस्तकबाल करें, पर सबसे जरूरी बात- हर समय अपनी सेहत का ख्याल रखें।



## सोते समय बिस्तर के नीचे रखें पानी से भरा बर्तन

अगर आपके घर में वास्तु दोष हैं और आपको इसकी वजह से कई समस्याएं होती हैं तो आपको कुछ विशेष उपाय आजमाने की सलाह दी जाती है। इनमें से एक है बिस्तर के पास पानी से भरा बर्तन रखना।

क्या आपको नींद न आने की समस्या है? क्या आपको आस-पास कुछ नकारात्मक ऊर्जाओं का एहसास होता है? क्या आपको अपने बने काम भी बिगड़ते नजर आते हैं? इसके पीछे कई वास्तु दोष हो सकते हैं।

कई वास्तु दोषों को सफाई और सुरक्षा से जोड़ा जाता है। ऐसा माना जाता है कि अगर आपके घर में वास्तु दोष हैं तो उन्हें दूर करने के लिए कई युक्तियां अपनाई जाती हैं। इन्हीं युक्तियों में से एक है सोते समय बिस्तर के नीचे पानी से भरा कटोरा रखना।

ऐसा माना जाता है कि पानी से भरे कटोरे को बिस्तर के नीचे रखने से घर की समृद्धि बनी रहती है और जीवन में सकारात्मकता आती है। आइए ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया से जानें बिस्तर के नीचे पानी से भरा बर्तन रखने के फायदों के बारे में विस्तार से।

### बिस्तर के नीचे पानी रखने से नकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है



नकारात्मक ऊर्जा हमारे जीवन को कई तरह से प्रभावित करती है और ऐसा माना जाता है कि नकारात्मक ऊर्जाओं का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। अगर हम बिस्तर के नीचे पानी से भरा बर्तन रखते हैं तो पानी में सभी नकारात्मक ऊर्जाएं अवशोषित होती हैं।

नकारात्मक ऊर्जा से छुटकारा पाने के लिए सबसे आसान तरीकों में से एक है बिस्तर के नीचे तांबे के बर्तन में पानी रखना। इससे आपको कई बुरी शक्तियों से मुक्ति मिल सकती है।

### बिस्तर के नीचे पानी रखने से अच्छी नींद को बढ़ावा मिलता है

इंसान के जीवन में नींद और सोना न उसे सिर्फ शारीरिक तौर पर आराम देता है बल्कि ये ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में भी मदद करता है। शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति का अवचेतन मस्तिष्क नींद के समय सबसे ज्यादा सक्रिय रहता है और अपने आस पास के वातावरण से ऊर्जा का एक्सचेंज करता है।

शरीर की इसी प्रक्रिया को ज्योतिष में उपाय के तौर पर प्रयोग किया जाता है। यदि आप बिस्तर के नीचे एक कटोरे में पानी रखते हैं तो यह अच्छी नींद को बढ़ावा देता है जिससे शारीरिक ऊर्जा भी बनी रहती है।

### बिस्तर के नीचे पानी रखने से चंद्र देव के शुभ प्रभाव मिलते हैं

सोते समय बिस्तर के नीचे पानी से भरा बर्तन व्यक्ति को चंद्र देव के शुभ प्रभाव प्राप्त करने में मदद करता है। इसके साथ ही ऐसा करने से व्यक्ति के जीवन में चंद्र देव के नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है और कुंडली में कमजोर चंद्रमा को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।



## एल्युमीनियम फॉइल के इस्तेमाल से सब्जियां और फल रहेंगे फ्रेश

क्या आप भी एल्युमीनियम फॉइल का यूज केवल खाना कवर करके गर्म रखने तक समझती हैं, तो आप शायद गलत हैं। आज हम आपको सिल्वर फॉइल को और किन तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है। उसके कुछ ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। जिनको आप भी एक बार जरूर आजमा कर देखें।



### अपनाएं ये एल्युमीनियम फॉइल हैक्स

आज हम आपको इन सबके अलावा आप कैसे इस एल्युमीनियम फॉइल की मदद से अपनी सब्जियों और फलों को खराब होने से बचा सकती हैं। उसके हैक्स बताने जा रहे हैं। जिससे आप अपनी बहुत सी खराब हो जाने वाली चीजों को बचा पाएंगी।

### अदरक नहीं सूखेगी

अक्सर हम लोग फ्रिज में या बाहर ऐसे ही अदरक रख देते हैं, जो कि सूखने लगती है। यदि आप अदरक को एल्युमिनियम फॉइल में लपेटकर रखेंगी तो वो बिल्कुल नहीं सूखेगी।

### कटा हुआ सेब

कटा हुआ सेब चाहे जितना भी ढककर रख दो वो काला पड़ ही जाता है। लेकिन आप यदि कटे सेब को पेपर फ़ॉइल में लपेटकर फ्रिज में रखेंगी तो वो कभी काला नहीं होगा।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

सर्दियों में आने वाली हरे पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, बथुआ और हरा धनिया एकदम हरा भरा रखना चाहती हैं, तो आप इसको सिल्वर फॉइल में फोल्ड करके फ्रिज में रखें। आप जब भी इसको निकालेंगे ये बिल्कुल हरा-भरा मिलेगा।

### केला फ्रेश रखने के लिए

यदि आप केले का पूरा बंच ले आएं हैं और आपको उसके खराब होने का डर है तो आप उसके ऊपर वाले भाग पर एल्युमीनियम फॉइल लपेट दें। आपके केले चार पांच दिन तक खराब नहीं होंगे।

### टाइट ब्रेड होगी सॉफ्ट

यदि ब्रेड रखे रखे टाइट हो चुकी है तो आप उसपर बटर या घी लगाकर माइक्रोवेव करें। ब्रेड एकदम मुलायम हो जाएगी।

### बिना पानी में डाल करें बॉयल

आप कोई भी सब्जी या फल को बिना पानी में डाले उबाल सकती हैं। इसके लिए आपको एक पेन में पानी डालना है और उसमें सिल्वर फॉइल की छोटी छोटी कई बॉल्स बनाकर डाल दें। अब इसके ऊपर एक प्लेट में जो भी सब्जी फल उबालने हैं उनको रखकर ढक दें।

## चॉकलेट केक ऐसे करें तैयार खाकर हर कोई करेगा तारीफ



नए साल के लिए लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिस तरह से बहुत से लोग अपने दोस्तों के साथ बाहर पार्टी करने जाते हैं, और समय व्यतीत करते हैं, ठीक उसी तरह से बहुत से लोगों को अपने परिवार के संग समय बिताना पसंद होता है।

चाहे पार्टी हो, या आप घर पर समय व्यतीत करें, नए साल के मौके पर सभी का मुंह मीठा कराना तो बनता ही है। अगर आप कुछ मीठा बनाने का सोच रहे हैं तो चॉकलेट केक एक बेहतर विकल्प है।

दरअसल, चॉकलेट केक एक ऐसी डिश है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक काफी चाव से खाते हैं। इसे बनना भी काफी आसान है। अगर आपको कुछ और समझ नहीं आ रहा है तो आप अपने मेहमानों और घरवालों के लिए घर पर ही स्वादिष्ट चॉकलेट केक तैयार कर सकती हैं। आप इसे बनाकर अपने घरवालों को खुश कर सकती हैं।

अगर आप न्यू ईयर की पार्टी के लिए घर पर केक तैयार करना चाहते हैं, तो सबसे पहले को अपने ओवन को 180 सेल्सियस पर प्री हीट कर लें। इसके बाद अब एक बड़े कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा और कॉको पाउडर को मिलाएं। इन सूखी चीजों को सही से मिलाने के बाद कटोरे में चीनी, दूध, तेल, वेनिला एक्सट्रेक्ट और अंडा डालें। अब इस चमचे की मदद से इसे सही से मिक्स करें। ध्यान रखें कि ना तो ज्यादा गाढ़ा होना चाहिए और ना ज्यादा पतला। इसका बेटर तैयार करते वक्त ये भी ध्यान रखें कि इसमें किसी तरह की गांठ नहीं पड़नी चाहिए। जब बेटर तैयार हो जाए तो इसमें चॉकलेट चिप्स डालें। बेटर तैयार करने के बाद एक केक पैन में तेल लगाकर इसे सही से ग्रीस करें।

कार्नर न्यूज

### फिट रहने अपनाएं योगासन

# युवाओं को फिट रहने के लिए रोज करने चाहिए ये योगासन, ऊर्जा और शक्ति में होगा भरपूर लाभ

खान पान में पोषक तत्वों की कमी और अस्वच्छ वातावरण का असर आपके शरीर पर होता है। दिनभर की भागदौड़ व कामकाज के बाद शरीर ऊर्जाहीन और थका हुआ होने लगता है। ऊर्जा की कमी से काम की उत्पादकता तो कम होती ही है, साथ ही आत्मविश्वास में भी कमी आती है।

आजकल युवाओं में भी ये समस्या देखने को मिलती है कि वह जल्द थक जाते हैं। दिनभर चुस्ती और फुर्ती बनी रहे, इसके लिए पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा की जरूरत होती है। पौष्टिक आहार से शरीर को ऊर्जा मिलती है लेकिन विशेषज्ञ दिनभर ऊर्जावान रहने के लिए शारीरिक व्यायाम व योग पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हैं।

युवा अपने दैनिक जीवन में कुछ योगासनों को शामिल करके थकान और लो-एनर्जी की समस्या को कम कर सकते हैं। ये योगासन आपको कई बीमारियों से दूर रखकर संपूर्ण स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाते हैं। अगली स्लाइड्स में जानिए युवाओं के लिए फायदेमंद योगासन के बारे में जो पूरा दिन रखेंगे ऊर्जावान।



### चेयर पोज

इस आसन को उत्कटासन योग भी कहते हैं। इस आसन को करने से पैरों की मांसपेशियां स्वस्थ और मजबूत बनती हैं। शरीर में रक्त को पंप करने में चेयक पोज काफी लाभदायक होता है। योग विशेषज्ञों के मुताबिक, शरीर को पूरे दिन सक्रिय बनाए रखने के लिए उत्कटासन का नियमित अभ्यास करना चाहिए।

### कोबरा पोज

इस योग को भुजंगासन भी कहा जाता है। भुजंगासन का अभ्यास शरीर के सभी मुख्य चक्रों को उत्तेजित करने में सहायक होता है। शरीर को ताकतवर और ऊर्जावान बनाने के लिए भुजंगासन फायदेमंद माना जाता है। इससे कमर, पीठ के दर्द से राहत मिलती है और रक्त संचार ठीक होता है।

### व्हील पोज

व्हील पोज को चक्रासन कहा जाता है। इस आसन को करने से शरीर ऊर्जावान बनता है। यह हृदय चक्रों के आसपास किसी भी रुकावट को दूर करके रीढ़ की गतिशीलता और लचीलेपन को बढ़ाता है। चक्रासन से पेट की मांसपेशियां स्वस्थ और बेहतर ढंग से काम करने के योग्य बनती हैं।

### शलभासन



इस आसन को करने से शरीर में स्फूर्ति बढ़ती है। पीठ, हैमस्ट्रिंग और ग्लूट्स को मजबूती देने के साथ रक्त के संचार को बढ़ाने में शलभासन नियमित अभ्यास काफी फायदेमंद हो सकता है। रोजाना 5-10 मिनट शलभासन करके शरीर को पूरे दिन एक्टिव बनाए रखा जा सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कैमरून की 'अवतार- फायर एंड ऐश' रिलीज के लिए तैयार, जल्द शुरू होगी बुकिंग



हॉलीवुड फ्रेंचाइजी अवतार की अगली फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर जानकारी सामने आई है। हॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक जेम्स कैमरून एक बार फिर दुनिया भर में सिनेमाघरों को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। अवतार यूनिवर्स का अगला अध्याय 'अवतार फायर एंड ऐश' इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल रिलीज मानी जा रही है। फिल्म को लेकर पिछले कई महीनों से दुनिया भर में जो एक्साइटमेंट बनी हुई थी, वह अब भारतीय दर्शकों के बीच भी देखने को मिल रही है। 19 दिसंबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर अपडेट सामने आया है। भारत में 5 दिसंबर से एडवांस बुकिंग आधिकारिक रूप से शुरू होने जा रही है। खास बात यह है कि आईमैक्स और डोल्बी विजन फॉर्मेट्स के लिए बुकिंग की तैयारियां पहले से ही की जा रही हैं। फिल्म रिलीज के पहले पूरे देश के आईमैक्स थिएटर्स पर स्पेशल अवतार थीम वाले बॉक्स ऑफिस काउंटर बनाए जा रहे हैं। इन काउंटर्स का उद्देश्य दर्शकों को एक सेलिब्रेशन जैसा माहौल देना है, जहां वो टिकट के साथ फोटो खिंचवा सकें, मूवी मर्चेंडाइज देख सकें और रिलीज से पहले 'अवतार' फैनडम का हिस्सा बन सकें। 19 दिसंबर को रिलीज होने जा रही यह फिल्म भारत में कुल 6 भाषाओं- अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में उपलब्ध होगी। इससे अलग-अलग राज्यों के दर्शकों को बिना भाषा की बाधा के अवतार यूनिवर्स से जुड़ने का मौका मिलेगा।

### टॉलीवुड

## सामंथा और राज का हुआ है भूत शुद्धि विवाह, जानिए इसका महत्व



अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और फिल्म डायरेक्टर राज निदिमोरु ने पिछले हफ्ते शादी रचाई है। इनकी शादी कोई आम हिंदू विवाह नहीं थी, बल्कि एक खास योगिक अनुष्ठान था, जिसे भूत शुद्धि विवाह कहते हैं। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और फिल्म डायरेक्टर राज निदिमोरु ने 1 दिसंबर को शादी कर ली है। उनकी शादी कोयंबटूर स्थित ईशा योग केंद्र के लिंग भैरवी मंदिर में हुई। सामंथा और राज का भूत शुद्धि विवाह हुआ है। जानिए क्या है भूत शुद्धि विवाह।

खबर के अनुसार, यह एक प्राचीन योगिक रस्म है, जिसमें दूल्हा-दुल्हन के शरीर, मन और ऊर्जा को पांच तत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) से पूरी तरह शुद्ध किया जाता है। 'भूत शुद्धि विवाह' का अर्थ है एक ऐसी प्रक्रिया जो इन पांच तत्वों को शुद्ध करती है। इससे पति-पत्नी के बीच बहुत गहरा आध्यात्मिक और ऊर्जा का रिश्ता बनता है। ऐसा माना जाता है कि इस अनुष्ठान से वैवाहिक जीवन में सुख, समृद्धि और आध्यात्मिक एकता आती है।

इसमें लिंग भैरवी देवी (दिव्य स्त्री शक्ति) की विशेष कृपा मांगी जाती है। दंपति पवित्र अग्नि के चारों ओर परिक्रमा करते हैं और मंदिर में देवी के सामने एक-दूसरे से आजीवन साथ निभाने की प्रतिज्ञा लेते हैं। ये समारोह बहुत सादा, शांत और निजी होता है। इसमें सिर्फ बहुत करीबी परिवार वाले और दोस्त ही शामिल होते हैं। ईशा केंद्र में तीन तरह के पवित्र विवाह होते हैं- भूत शुद्धि विवाह, लिंग भैरवी विवाह, और विवाह वैभव। इनमें भूत शुद्धि विवाह को सबसे शुद्ध और शक्तिशाली माना जाता है। हालांकि, अगर दुल्हन गर्भवती हो तो यह विशेष अनुष्ठान नहीं कराया जाता। सामंथा और राज ने भूत शुद्धि विवाह किया है।

### भोजपुरी

## पावर स्टार पवन ने देसी स्टाइल में बनाए नूडल्स,वीडियो हुआ वायरल



भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह की अभिनय प्रतिभा से सभी वाकिफ हैं। उनकी सिंगिंग के हुनर को भी फैंस काफी पसंद करते हैं। सिंगिंग और एक्टिंग के अलावा पवन सिंह कुकिंग का भी हुनर रखते हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह अपनी एक्टिंग और सिंगिंग के बाद एक और हुनर के लिए दर्शकों की तारीफ लूटते दिख रहे हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे किचन में नजर आ रहे हैं। एक्टर देसी अंदाज में नूडल्स बना रहे हैं। इस पर यूजर्स के मजेदार रिएक्शन आए हैं। प्रोड्यूसर निशांत उज्जवल ने आज रविवार को इंस्टाग्राम पर पवन सिंह का एक वीडियो शेयर किया है। भोजपुरी एक्टर इसमें नूडल बनाते दिख रहे हैं। वीडियो के साथ निशांत ने कैप्शन लिखा है, 'देहादी आहार पावर स्टार पवन भैया के साथ'। पवन सिंह नूडल बनाते हुए कहते हैं, 'मैं देसी आदमी हूं।' मैगी के साथ वे वेजिटेबल जूस बनाते हैं। इसके बाद निशांत और पवन सिंह दोनों नूडल्स का लुत्फ उठाते हैं। पवन सिंह के कुकिंग स्किल्स की यूजर्स तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कुछ यूजर्स मजाकिया अंदाज में पर्सनल लाइफ में कमेंट कर रहे हैं। अभिनेत्री सोनम मलिक ने लिखा है, 'हम भी आ रहे हैं, एक प्लेट हमारे लिए भी'। एक यूजर ने लिखा, 'बिना मेहरारू के यही हाल होगा भैया'। एक फैन ने लिखा है, 'पवन सिंह लोकप्रियता के उस मुकाम पर हैं।

### इस्तांबुल का जलवा

लाइफ स्टाइल



फैशन वीक इस्तांबुल ने सीज़न की शुरुआत न्यू जेन बाय आईएमए फैशन शो से की। मेहमत एमिरोग्लू, सेलेन अक्युज़, वाई प्लस बाय याकूप बिसर, आरज़ू कैप्रोल, टैग, दिलेक हनीफ और डाइस कायक के कलेक्शन पूरे दिन शॉर्ट फिल्मों के साथ दर्शकों के सामने पेश किए गए। दूसरे दिन ओज़लेम एरकान के साथ पोडियम की शुरुआत करते हुए, एग्ज़िबिशन में मर्ट एरकान, चिग्देम अकिन, नियाज़ी एर्दोगन, गुल एगिस, निहान पेकर और मेहताप एलादी के कलेक्शन फैशन लवर्स के सामने लाए गए।

## सालों तक नई दिखेगी आपकी बनारसी साड़ी, धोते समय रखें इन बातों का ध्यान

बनारसी साड़ी में किसी भी महिला का लुक क्लासी और रॉयल लगता है लेकिन अधिकतर महिलाएं चाह कर भी बनारसी साड़ी ज्यादा नहीं पहन पातीं। इसकी वजह होती है महंगी बनारसी साड़ियों के खराब होने का डर होना। ऐसे में अगर आपके पास भी बनारसी साड़ी हैं तो उसके रखरखाव और साफ करने के तरीकों के बारे में जरूर जान लें।

### बनारसी साड़ी धोते समय इन बातों का रखें ध्यान

बनारसी साड़ी को साफ करते समय छोटी सी गलती से भी आपकी साड़ी खराब हो सकती है। अपनी बनारसी साड़ी को सालों तक नई जैसी रखने के लिए इन बातों को ध्यान रखें।

### बनारसी साड़ी धोने का तरीका

बनारसी साड़ी को वैसे तो ड्राई क्लीन करवाया जाता है, लेकिन अगर आप घर पर ही बनारसी साड़ी धो रही हैं तो हल्के साबुन या डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें। हार्ड साबुन से आपकी बनारसी साड़ी का कपड़ा खराब हो जाता है। हल्के साबुन का घोल बनाकर उससे साड़ी को धोना चाहिए।

### साड़ी धोने के लिए इस्तेमाल करें ठंडा पानी

बनारसी साड़ी को धोने के लिए हमेशा ठंडे पानी का उपयोग करें। गर्म पानी से साड़ी का कपड़ा खराब हो सकता है। ठंडे पानी से बनारसी साड़ी धोने से उसका रंग भी नहीं उतरता है और कपड़ा साफ भी हो जाता है।



## इस मौसम में करनी है आउटिंग तो इन कपड़ों को दें प्राथमिकता



लोगों का ऐसा मानना है, कि जितनी खुशी के साथ आप नए साल का स्वागत करेंगे, आपका आने वाला समय उतनी ही खुशियों भरा होगा। ऐसे में हर कोई ठंड के इस मौसम में अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय व्यतीत करता है। अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ कहीं जाने या अपने शहर में ही आउटिंग का प्लान बना रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, अब जब नया साल करीब है तो सर्दी भी गजब ढा रही है। ऐसे में इस मौसम में आउटिंग के लिए आपको कपड़ों का ध्यान देने की बेहद जरूरत है। अगर आप ऐसा नहीं करेंगी तो ठंड के मौसम में आपकी तबियत खराब हो सकती है। इसी के चलते आपको इस मौसम की आउटिंग के लिए कुछ फैशन टिप्स जानना चाहिए, ताकि ठंड भी आपसे दूर रहे और आप स्टाइलिश भी दिखें।





### जींस-टॉप

अगर ऐसे कपड़े पहनने का सोच रहीं हैं जो फुल भी हों, और जिसको पहनकर आपका लुक प्यारा भी लगे तो सबसे बेहतर विकल्प तो जींस और फुल टॉप ही है। वुलेन टॉप आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे, जिसे आप कैरी करके जलवा दिखा सकती हैं।

### फ्लोरल कुर्ता

सर्दी के मौसम में जह हल्की-हल्की धूप निकलती है तो इस तरह का फ्लोरल कुर्ता आपको खूबसूरत लुक दे सकता है। ऐसे में अगर आप अपने दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो इस तरह का कुर्ता पहन सकती हैं। इसके साथ आप ओपन स्वेटर कैरी कर सकती हैं।

### ड्रेस के साथ कोट

अगर आप ड्रेस पहनने का सोच रही हैं तो इसके साथ ब्लेजर काफी कमाल का लगेगा। इस लुक को पूरा करने के लिए पैरों में बूट जरूर पहनें। ये आपको सर्दी से बचाएगा।

## इन वजहों से तो आपके बाल नहीं दिखते डल

कई लोगों के बाल बहुत अधिक बेजान व डल नजर आते हैं। इसके लिए वे कई उपाय अपनाते हैं। लेकिन उन्हें बालों के डल दिखने के कारणों की जानकारी नहीं होती है।

कई बार ऐसा होता है कि हम तेज धूप में ओपन हेयर लुक में बाहर निकलते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बालों की शाइन कहीं खो जाती है और बाल डल नजर आने लगते हैं। इतना ही नहीं, कई बार बहुत अधिक हवा चलने पर भी अगर बाइक आदि से ओपन हेयर में घूमा जाए तो इससे बाल डल हो सकते हैं। हम कभी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन हेयर ड्रायर का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने से भी बाल डल नजर आ (दो मुंहे बाल) सकते हैं। अमूमन हम अपने बालों को वॉश करने के बाद उन्हें सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन उसके बाद बालों पर सीरम नहीं लगाते हैं, जिससे बाल रूखे व डल बन जाते हैं। इतना ही नहीं, अगर नियमित रूप से हेयर ड्रायर का इस्तेमाल किया जाए तो भी बालों की शाइन कहीं चली जाती है। सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन अगर आप अपने आहार पर ध्यान नहीं देते हैं तो इससे भी आपको बालों में डलनेस की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। कोशिश करें कि आप एक बैलेंस डाइट लें और उसमें आपको पर्याप्त विटामिन और मिनरल्स मिलें। इसका हेयर हेल्थ पर गहरा असर पड़ता है। यह एक छोटा सा स्टेप है, लेकिन इससे बालों की हेल्थ और उनकी शाइन पर गहरा असर पड़ता है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो बालों (कंडीशनर लगाने का तरीका) को शैम्पू तो करते हैं, लेकिन हर बार उसके बाद कंडीशनर को स्किप कर देते हैं। ऐसा करने से उनके बाल धीरे-धीरे डल व बेजान नजर आने लगते हैं। शैम्पू आपकी स्कैल्प व बालों के नेचुरल ऑयल को छीन लेता है।



## नए साल पर खास तोहफे देने कर लें अभी से तैयारी

नए साल की शुरुआत जल्द होने जा रही है। नए साल के स्वागत को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है। साल का पहला दिन लोग अपने परिवार व दोस्तों के साथ मनाना चाहते हैं। वही अपने करीबियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर इस वर्ष की शुरुआत करते हैं। इस मौके पर लोग पार्टी करते हैं और घूमने जाते हैं। हालांकि आप नए साल के जश्न को अधिक यादगार बनाने के लिए अपने दोस्तों या परिवार के सदस्यों को न्यू ईयर गिफ्ट दे सकते हैं। यहां नए साल के लिए कुछ खास तोहफे का आईडिया दिया जा रहा है, जिसे पाकर आपके प्रियजन खुश हो जाएंगे। आईए जानते हैं नए साल के लिए बेहतरीन गिफ्ट आइडिया

**डायरी:** नए साल पर दोस्त या परिवार के किसी सदस्य को तोहफे में डायरी दे सकते हैं। डायरी उनके काफी काम आ सकती है। लोग अपने दिल की बात, अपने विचार या रोज की रूटीन को अपनी डायरी में लिख सकते हैं। इसके अलावा वह जरूरी बातों को या जानकारी को भी डायरी में संजोकर रख सकते हैं। डायरी न्यू ईयर रेजोल्यूशन की याद दिलाने के लिए भी एक अच्छा तरीका है।

**स्मार्ट वॉच:** नए साल के मौके पर आप अपने परिवार के किसी सदस्य या दोस्त को तोहफे में स्मार्ट वॉच दे सकते हैं। स्मार्ट वॉच फिटनेस और लाइफस्टाइल को मेंटेन करने में काफी मददगार होती है। इसके अलावा रूटीन लाइफस्टाइल को भी आसान बना सकती है। स्मार्ट वॉच के फीचर काफी काम के होते हैं

**किताब:** अगर आपके दोस्त या परिजनों को पढ़ने का का शौक है तो उन्हें तोहफे में किताब दे सकते हैं। किताब उनके मनचाहे विषय पर होनी चाहिए। चाहे वह अध्यात्म से जुड़ी हो या फिटनेस, लाइफ स्टाइल और कविता- कहानियों का संग्रह हो।

**ग्रीटिंग कार्ड:** नया साल बिना ग्रीटिंग के कार्ड के अधूरा है। नए साल के मौके पर दोस्तों, रिश्तेदारों को न्यू ईयर की आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड तोहफे में दे सकते हैं। ग्रीटिंग में सुंदर शुभकामना संदेश लिख कर दीजिए।



### कार्नर न्यूज

### ठंड के इस मौसम में मफलर को बना सकतें हैं स्टाइलिश

## स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लेजर, स्वेटर के साथ ऐसे पहनें मफलर, नजरें टिकी रहेंगी आप पर

सर्दी के मौसम में मफलर पहनने का ट्रेंड काफी पुराना है। मफलर आपको स्टाइलिश बनाने के साथ गर्मी देने का भी काम करता है। इसलिए अधिकतर लोग विंटर सीजन में मफलर को पहनना पसंद करते हैं। या यूं कहें कि मफलर के बिना विंटर वार्डरोब पूरा नहीं हो सकता है। और हो न हो, शायद आप भी मफलर के शौकीन हैं! जैकेट, ब्लेजर, स्वेटर आदि विंटर टॉप वियर्स के साथ मफलर को लोग कैरी करते हैं। कई लोग इसे गले में लटका लेते हैं तो कई लोग गले में लपेट लेते हैं और कई लड़के मफलर को सिर पर बांधे दिखाई देते हैं। मगर सबसे पहले हमें मफलर को सही तरीके से पहनना मालूम होना चाहिए।

**जैकेट्स_** विंटर जैकेट्स सर्दी के मौसम में अधिकतर लड़के पहनते हैं। मगर इसके साथ मफलर को पहनने का तरीका बहुत कम लोगों को पता है। इसी वजह से वे लोग मफलर पहनने के बाद अच्छे नहीं दिखते हैं। इसलिए जैकेट्स और मफलर को सही तरीके से पहनना जान लें।



**पहला तरीका_** विंटर जैकेट्स के साथ मफलर को पहनने का सही तरीका है- उसको गले में लटका लें। दोनों ओर से बराबर रूप से मफलर के दोनों सिरे लटके हुए होने चाहिए। यहां पर एक बार ध्यान रखें कि मफलर की लेंथ जैकेट्स की लेंथ से बड़ी नहीं होनी चाहिए।

**दूसरा तरीका:** इसके अलावा मफलर को दोहरा करके अपनी गर्दन के दोनों तरफ डालें। मफलर के खुले छोर वाले हिस्से को दूसरी तरफ वाला फंदा बने हिस्से में डालकर हल्का सा कस लें। इस स्टाइल में खूबसूरत दिखेंगे और ये सबसे आसान तरीका होता है।

**स्वेटर्स :** स्वेटर्स और मफलर का कॉम्बिनेशन सबसे पुराना है। ये दोनों लंबे समय से एक दूसरे के साथ ही रह रहे हैं। मगर इसके साथ ही मफलर पहनते वक्त कई पुरुष गलतियां कर देते हैं। लेकिन अब से आप मफलर को स्वेटर के साथ सही तरीके से पहन सकते हैं।

**पहला तरीका:** स्वेटर के साथ मफलर को कभी भी खोलकर न पहनें। ये विंटर लुक को बिगाड़ने का काम करता है। स्वेटर के साथ मफलर की परफेक्ट मैचिंग तभी होगी जब आप मफलर को दोहरा करके अपनी गर्दन के दोनों तरफ डालें। उसके बाद मफलर के खुले छोर वाले हिस्से को दूसरी तरफ वाला फंदा बने हिस्से में डालकर हल्का सा टाइट कर लेंगे।

**दूसरा तरीका:** इसके अलावा स्वेटर के साथ मफलर को पहनने का दूसरा तरीका यह है- मफलर को हल्के रूप से गले में पूरी तरह से लपेट लें। इससे आप स्वेटर में और भी अधिक सुंदर दिखाई देंगे। अगर बहुत अधिक ठंड है तो इस तरह से मफलर को लपेटने से गरमाहट तुरंत मिलती है।

